52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 33.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:57 सूर्यास्त : 6:38 | वर्ष : 52/ अंक : 244 | मंगलवार, 03 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

मित्र, पुस्तक, रास्ता और विचार गलत हों तो गुमराह कर देते हैं, और यदि सही हों तो जीवन बना देते हैं, क्योंकि इनका चयन सोच-समझकर ही करना चाहिए।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे जाति की राजनीति करने वाले : योगी आदित्यनाथ



अब वे....स्वयं को चक्रवर्ती सम्राट समझ रहे हैं.......

# अस्सी साल के वृद्ध की कुत्तों ने ली जान

- जंगल में दो दिन तक नोंचते रहे खूंखार कुत्ते
- बुढ़ाना में लापता वृद्ध का शव जंगल में मिला

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली के गांव बवाना में जंगल में कुत्तों ने 80 वर्षीय वृद्ध किसान जल सिंह को नोंचकर उसकी जान ले ली। दो दिनों तक जंगल में उसके शव को कुत्ते नोंचते रहे। बताया गया है कि उक्त वृद्ध 31 अगस्त को सुबह 10 बजे घर से अपने खेत पर गया था। जब वह शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने जंगल में उसकी तलाश की तो वृद्ध का शव ज्वार के खेत में क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला।

सूत्रों के अनुसार वृद्ध खेत से घर आते समय रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। परिजनों ने बताया कि बुढ़ाना कोतवाली के गांव बवाना निवासी 80 वर्षीय जल सिंह पुत्र तुलसी 31 अगस्त को सुबह 10 बजे अपने खेत पर गया था। जब वह शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने जंगल में उसकी तलाश की। परिजन दो दिनों से लगातार वृद्ध की तलाश कर रहे थे। आज सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी किसान छंगा के ज्वार खेत में वृद्ध का शव मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। परिजनों का मानना है कि गांव के जंगल में दर्जनों आदमखोर कुत्ते घूम रहे हैं। उनके द्वारा वृद्ध पर हमला कर मार डाला। कुत्ते वृद्ध के शरीर के अंग नोंचकर खा गए थे। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र कंवरपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लगातार चल रहा है मौतों का सिलसिला मगर कुत्ते और बंदरों के लिए कोई नेता गंभीर नहीं है

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** बंदरों और कुत्तों के भय से कई बार लोग घायल तो हो ही जाते हैं, सैंकडों वाका ऐसे हैं, जिसमें बंदर के भय से बच्चे, महिलाएं, पुरुष छतों से गिरकर अपनी जान गवां चुके हैं। इसी तरह गली-मौहल्लों, सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। शाम ढलते ही उक्त कुत्ते लोगों को गलियों से गुजरने नहीं देते, यहां तक कि उनके पैरों पर हमला करके काट भी लेते हैं। इन मामलों में भी कई मौतें हो चुकी हैं। हाल ही में मुजफ्फरनगर शहर के प्रेमपुरी निवासी ने कुत्ते के काटने से ही अपनी जान गवां दी थी। इससे पहले भी कई मामले कुत्ते व बंदरों से मौत के आ चुके हैं, मगर बुढ़ाना से एक ऐसा खौफनाक मामला आया है, जिसमें 80 वर्षीय बुजुर्ग को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। बड़ी बात यह है कि बाकी सब कामों के लिए नगर पंचायत, नगर पालिका, विधायकों और सांसदों के पास बजट होता है मगर बंदर और कुत्तों के लिए कोई भी समाधान नहीं किया जाता। आए दिन यह मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है, मगर किसी भी विभाग पर सिर्फ बातों के अलावा कोई स्थाई समाधान नहीं कराया जाता।

## कई बार दी जा चुकी है कुत्तों व बंदरों को पकड़वाने व नसबंदी की सलाह

**मुजफ्फरनगर।** सिर्फ बुद्धिजीवी वर्ग ही नहीं आम आदमी सैंकड़ों बार जिले के नेताओं को अलग अलग तरीके से यह सलाह दे चुका है कि उक्त कुत्तों व बंदरों की समस्या का निदान उन्हें पकड़वाकर अथवा उनकी नसबंदी कराकर भी कराया जा सकता है। नगर पालिका को यह भी सलाह दी जा चुकी है कि गली में घूम रहे मादा श्वान को दूध, केक, चावल इत्यादि के साथ ऐसी गोली भी दी जा सकती है, जिससे उनकी जनसंख्या पर नियंत्रण हो सके मगर फिलहाल तक न तो कुत्ते और बंदर पकड़ने की कोई योजना धरातल पर काम करती दिखाई दी और न ही इस मामले में कोई भी विभाग गंभीर होता दिखा। अब देखना यह होगा कि उक्त मौत जैसी घटनाओं के बाद भी प्रशासन व नेता कब तक जागते हैं।

# जिला पंचायत की बैठक में विधायक-मंत्री के प्रस्ताव निरस्त

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक इस बार बिना किसी विरोध के संपन्न हुई। हालांकि अफसरों की उदासीनता के चलते लंबित विकास कार्यो में देरी पर इस बीच सदन में कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए समस्याओं के समाधान की पैरवी की गई। वहीं

**▶ 12 प्रस्तावों में से सर्वसम्मति से 4 प्रस्तावों को किया निरस्त**

पक्ष-विपक्ष पुराने गिले-शिकवे भुलकर सिर्फ विकास के लिए एकजुट दिखाई दिए। यूपी सरकार के मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी में संपन्न हुई बोर्ड बैठक में मंत्री-विधायकों के रखे विकास कार्यों के प्रस्तावों पर इस बीच सदन में नाराजगी जताने के साथ ध्वनिमत से निरस्त भी करा दिया। जिला पंचायत सदस्यों ने विधायकों के प्रस्तावों पर आपत्ति जताते हुए साफ कह दिया कि उन्हें विकास कार्य कराने के लिए पांच करोड़ रुपये की निधि मिलती है, ऐसे में वो जिला पंचायत की निधि पर भी नजर लगाए हुए हैं। मंत्री की मौजूदगी में संपन्न बोर्ड बैठक में विधायक और मंत्री के सभी प्रस्तावों को खारिज करने के साथ 12 प्रस्तावों वाले एजेंडे में सदन में आठ प्रस्तावों पर मुहर लग पाई, चार प्रस्ताव सर्वसहमति से निरस्त कर दिए।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चौ. चरण सिंह सभाकक्ष में सोमवार को जिला पंचायत बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूपी सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार और एमएलसी वंदना वर्मा समेत अन्य माननीयों का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व अन्य अफसरों ने पुष्प देकर स्वागत किया। सदन में एएमए पवन गोयल ने पूर्व निर्धारित 12 प्रस्तावों वाले एजेंडे को प्रस्तुत किया। एजेंडे में पंचम राज्य वित्त आयोग टाइड व 15वां वित्त आयोग अनटाइड के तहत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निर्माण कार्यों की कार्ययोजना को सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 विभव एवं सम्पत्ति कर सूची को बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के साथ कांवड़ यात्रा के बीच कराए कार्यों पर हुए खर्च की स्वीकृति प्रदान की गई। सदन में उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा की मांग पर लाए 75 करोड़ 71 लाख 84 हजार 300 रुपये के लेबर बजट का सदस्यों ने विरोध किया। इसे लेकर लंबी बहस हुई और डीसी मनरेगा को अपना पक्ष भी रखना पड़ा, लेकिन सदन की सहमति नहीं बनने पर यह प्रस्ताव निरस्त हो गया। जिला पंचायत कालोनी में अध्यक्ष के कैम्प कार्यालय में मरम्मत कार्य पर दो लाख खर्च करने, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली तहसील व पुरकाजी ब्लॉक की प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर 197 व्यापारियों की सूची मृत होने के कारण एडीएम वित्त से वापस आने पर इन्हें बट्टे खाते में डालने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।



सदन में जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार ने जनसंख्या का मुद्दा उठाते हुए प्रस्ताव रखा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराने के लिए इसे पारित करते हुए सरकार को भेजा जाये। वहीं अंकित बालियान, बिल्लू आदि सदस्यों ने जल जीवन मिशन में पेयजलापूर्ति के लिए हो रहे टंकी और पाइप लाइन निर्माण कार्यों में धांधली तथा पाइप लाइन डालने को लेकर गांवों में सड़कों को खोदकर खुर्दबुर्द करने को लेकर सवाल उठाये। बैठक में एक्सईएन जल निगम से जवाब तलब किया तो उन्होंने सितम्बर माह के अंत तक सभी गड्ढों को भरने का काम पूरा करने का भरोसा दिया। वहीं रामपुर गांव में करीब 2 वर्ष पूर्व जर्जर होने के कारण तोड़े गये प्राइमरी विद्यालय का निर्माण न होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए दो साल से बच्चों को शिक्षा नहीं मिलने का मुद्दा सदन में रखा। बीएसए संदीप कुमार ने दावा किया कि प्रकरण उनके सामने नहीं आया। वो इस सम्बंध में जानकारी जुटाकर कार्य करेंगे। वहीं बागोवाली में टंकी शुरू नहीं करने और लीकेज की समस्या रहने, सिसौना में टंकी निर्माण का काम शुरू नहीं करने, मुझेडा में स्थित तिरूपति इन्टरप्राइजेज की रबर फैक्ट्री से वायु प्रदूषण होने के साथ ही अन्य मुद्दों को भी सदस्यों ने उठाया। बैठक में मुख्य रूप से पुरकाजी की ब्लॉक प्रमुख मालती सिंह, जानसठ नरेन्द्र सिंह, शाहपुर के अरविन्द त्यागी, बघरा गौरव पंवार, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एएमए पवन गोयल समेत कृषि, विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण, बीएसए समेत अन्य अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## घर से सड़क तक पीछा करती रही मौत

- छत से गिरकर घायल हुई तो अस्पताल ले जाते बाइक हादसे में मौत
- दधेड़ू के पास हुए बाइक हादसे में बच्ची के पिता व चचेरे भाई हुए घायल



**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** मौत सिर पर मंडरा रही थी तो उसने घर से रास्ते तक पीछा किया। पांच साल की मासूम की यह दर्दनाक कहानी सुनकर हर कोई दहल गया। घर में छत से गिरकर घायल होने के बाद जब उसे जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो बाइक हादसे में उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ में छत से गिरने से पांच वर्षीय मासूम बच्ची करिश्मा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे चरथावल अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया गया। गम्भीर अवस्था में घायल बालिका को लेकर जब उसके पिता मनोज और चचेरा भाई पप्पू बाइक से जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे तो रास्ते में दोबारा उक्त बच्ची हादसे का शिकार हो गई। दधेडु के निकट उसे लेकर आ रहे पिता की बाईक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने मारी उनकी बाइक में टक्कर मारी। इसके बाद बाइक दूर जाकर गिरी। हादसे में बच्ची करिश्मा की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें उसके पिता मनोज व चचेरा भाई पप्पू घायल हुए हैं।

## 2013 के भड़काऊ भाषण मामले में पूर्व सांसद कादिर समेत अन्य आरोपी पेश

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को कवाल में हुए 27 अगस्त 2013 को सचिन, गौरव और शाहनवाज की हत्या के बाद कादिर राणा और अन्य कई लोगों ने भड़काऊ भाषण दिये थे, उक्त मामले में आज पूर्व सांसद कादिर राणा सहित तीन आरोपी कोर्ट में पेश हुए। मगर, अपर कोर्ट से फाइल न आने के कारण मामले की सुनवाई टल गई। कोर्ट द्वारा सुनवाई की अगली तारीख दस सितम्बर रखी गई है। आपको बता दें कि 27 अगस्त को कवाल में सचिन, गौरव और शाहनवाज की हत्या के बाद दंगा भड़क गया था। इसके बाद 30 अगस्त को कादिर राणा सहित पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुज्जमा, पूर्व विधायक नूरसलीम राणा, पूर्व विधायक मौलाना जमील, अधिवक्ता असद जमा, सलमान सईद, नौशाद कुरैशी, अहसान कुरैशी समेत जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में कुल दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चली आ रही है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता वकार अहमद ने सोमवार को पूर्व सांसद कादिर राणा, असद जमा व अहसान कुरैशी को कोर्ट में पेश किया। मगर रिवीजन प्रार्थना पत्र अपर कोर्ट में लम्बित होने के कारण मामले में सुनवाई टल गई और अगली तारीख कोर्ट द्वारा दस सितम्बर तय की गई।

## जिला पंचायत निधि से काम कराने के प्रस्ताव का किया विरोध

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत सभागार में संपन्न बोर्ड बैठक में रालोद विधानमंडल दल के नेता एवं बुढ़ाना क्षेत्र के

- विधायक को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं, फिर भी हमारी निधि पर नजर
- जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की उठी मांग







विधायक राजपाल सिंह बालियान द्वारा अपने क्षेत्र के ग्राम मंदवाडा से शामली मेरठ हाइवे पर 3 किमी सड़क और कच्चा मार्ग बनवाने, ग्राम बाननगर में सीसी रोड, जानसठ रोड से जौली रोड तक संपर्क मार्ग, अपने पैतृक गांव गढी नौआबाद से भौराकलां शाहपुर मार्ग जोडने के लिए संपर्क मार्ग, ग्राम बवाना से हुसैनपुर तक संपर्क मार्ग बनवाने के प्रस्ताव दिए थे। इसके साथ ही प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मीरांपुर क्षेत्र के ग्राम जमालपुर में 250 मीटर सीसी रोड बनवाने का प्रस्ताव किया गया था। जिला पंचायत सदस्यों ने विधायक और मंत्री के काम भी जिला पंचायत में लाने पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसका विरोध किया और ये प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त कर दिए। जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों ने बैठक के दौरान क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के लिए सदन में जिलास्तरीय अधिकारियों के न आने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और मंत्री से ऐसे अफसरों पर शासन स्तर से कार्रवाई कराए जाने के साथ शिकायत को उठाते हुए संस्तुति प्रस्ताव पारित करते हुए शासन को भेजने के लिए कहा। इसके साथ कुछ सदस्यों ने सदन में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर सरकार से मांग करते हुए इसके लिए बैठक में प्रस्ताव पारित कराकर भेजने के लिए कहा।

## समन्वय बनाकर अफसर और जनप्रतिनिधि करें काम : अनिल

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री व पुरकाजी विधायक अनिल कुमार ने जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में कहा कि लोकतंत्र ने हमें जनता के लिए काम करने की ताकत दी है। हमारा दायित्व है कि हम जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लड़े, संघर्ष करें। साथ ही उन्होंने बोर्ड बैठक जैसी महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों के नहीं आने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस अधिकारी के नाम एजेंडा जाये, उसे स्वयं उपस्थित होना चाहिए। वो अपने प्रतिनिधि भेजकर ऐसे में लापरवाही बरत रहे हैं, यह परंपरा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय बनाकर काम करें तो जिले का जनता का भला होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि क्षेत्र की प्राथमिकता को तय करें और फिर प्राथमिकता वाले कार्य को सबसे पहले कराने का प्रयास करें। वहीं जनता से जुड़े मुद्दे समय अवधि में निस्तारण करने की जिम्मेदारी अफसर भी समझें। उन्होंने शांतिपूर्ण संपन्न हुई बोर्ड बैठक पर बधाई देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ शासन की प्राथमिकता पर कार्य किया जाये।

## बैंक कर्मी को उसके ही नग्न फोटो भेजकर मांगे जा रहे पैसे

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** लगातार साइबर क्राइम में नए नए तरीकों से वृद्धि साफतौर पर दिखाई पड़ रही है, मगर इस काम में भी भारत की टैक्नालॉजी कहिए या पुलिस तंत्र दोनों ही लगभग फेल दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में लगातार साइबर क्राइम करने वालों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

पहले तो आम आदमी को फर्जी कॉल आया करती थी, जिसे हनी ट्रेप का नाम दिया गया था। मगर न जाने कितने तरीकों से आम आदमी से धमकी देकर पैसे वसूले जा रहे हैं, ऐसा ही एक मामला एक बैंककर्मी के साथ सोमवार को हुआ है। बैंक कर्मी परेशान होता हुआ बुलेटिन कार्यालय पहुंचा और उसने बताया कि उसके ही नग्न फोटो उसके परिवार में एडिट करके भेजे



गये हैं। ऐसे में वो अपने परिवार और समाज के सामने ही शर्मसार महसूस कर रहा है। उसका मन तो कर रहा है कि वह कुछ कर ले क्योंकि सुबह से सब रिश्तेदारों को, सब दोस्तों को वह बताते बताते हुए थक गया है कि यह मेरे साथ फ्राड का मामला हुआ है और मुो इस नाम पर ब्लेकमेल करने की कोशिश की जा रही है। उक्त बैंक कर्मी ने यह भी बताया कि जब वह नई मंडी थाने गया और उसने मुकदमा दर्ज करने की बात कही तो उसके मुंह से गलती से यह निकल गया कि पहले में आपको रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं और बाद में उक्त मामले को लेकर मीडिया में भी दस्तक दूंगा, इस बात से चिढ़कर मंडी थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने यह कह दिया कि पहले तुम मीडिया में ही दे दो। इस पर वह मायूस होकर बुलेटिन कार्यालय पहुंचे और पूरी दास्तां बताई। बुलेटिन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सावधान किया गया कि आम जन के पास भी 7463058149 नम्बर से कॉल आये तो इसे उठायें मत, कॉले उठाते ही आपका भी कोई आपत्तिजनक फोटो बनाया जा सकता है। आपको बता दें कि उक्त मामला कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि से भी इस तरह की कॉल आती रहती हैं, मगर बड़ी बात यह है कि बड़े बड़े अधिकारियों तक से उक्त फ्राड लोग पैसे वसूली करने की धमकी दे चुके हैं, मगर आज तक एकाध मामले को छोड़कर अधिकांश मामलों में पुलिस उक्त मामलों का खुलासा करने में फेल दिखाई दी है। मगर पीड़ित की जो दुर्दशा होती है, इस बात का पता उसके दिल को ही चलता है।

## बकरा मार्केट में महिला की हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने विवाहिता की हत्या के मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हत्या के इस मामले में महिला के परिजनों की तरफ से पति, जेठ, जेठानी व जेठ के बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। गत सप्ताह शहर कोतवाली इलाके के मोहल्ला गढी गौरवान में विवाहिताअंजुम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। उसका फांसी लगा शव पुलिस ने बरामद किया था। बाद में उसके मायके वालों ने उसके पति व ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने इस मामले में पति वसीम निवासी गढ़ी गौरवान व महिला के जेठ, जेठानी व जेठ के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति वसीम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक भिड़ंत, बाइक सवार युवक की मौत

**खतौली, 2 सितम्बर (बु.)।** सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत होने पर बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी।



मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव कैलावड़ा क्षेत्र में स्थित गन्ना कांटे के निकट सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक बाइक सवार की भिड़ंत हो गयी। ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुई अक्कर में बाइक सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा एम्बूलेंस द्वारा घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत हो गयी। मृतक की पहचान राहुल सैनी पुत्र सतबीर निवासी गांव निलोहा, थाना मवाना, जनपद मेरठ के रूप में हुई। कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक को पीटा, गाड़ी के शीशे तोड़े और लूटा

**चरथावल, 2 सितंबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव दधेडू निवासी युवक ने अपनी गाड़ी का शीशा तोड़कर मारपीट करने व लूट करने का आरोप लगाते हुए चरथावल पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटना की जानकारी की और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।बताया गया है कि थाना क्षेत्र के गांव दधेडु निवासी युवक द्वारा वापिस गांव में लौटते समय रास्ते मे अपनी गाड़ी का शीशा तोड़कर मारपीट करने व लूट करने का आरोप लगाते हुए उक्त मामले की सूचना पुलिस को दी, तो पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि युवक चरथावल में एक होटल पर खाना खाने गया था। बताया जा रहा है कि वहां किन्हीं लोगों के साथ विवाद होने पर यह घटना हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एडीजी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** एडीजी मेरठ जोन ने आज पुलिस कार्यालय की शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिस महानिदेशक ध्रुवकान्त ठाकुर द्वारा पुलिस कार्यालय की शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित आगुन्तक कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी की गई । उन्होंने अभियोजन शाखा के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए न्यायालय में लंबित अभियोगों में अबतक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा अभियोजन के मामलों में प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया, जिससे अपराधियों को शत प्रतिशत सजा सुनिश्चित की जा सके। इसके पश्चात एडीजी द्वारा महिला प्रकोष्ठ/विशेष जांच प्रकोष्ठ के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आने वाली सभी शिकायतों व उनके निस्तारण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि आने वाली सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु जघन्य अपराधों मे संलिप्त अभियुक्तों पर धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब, गौकश/गौतस्करों,भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने तथा जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए असामाजिक तत्वों, नई उम्र के संदिग्ध लड़कों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार मोटरसाईकिल, मोडिफाइड मोटरसाइकिल, ब्लैक फिल्म आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग करने सहित अन्य दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण



प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक व्योम बिंदल मौजूद रहे।

## विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने किया गिरफ्तार

**दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्ला खान को गिरफ्तार कर दिल्ली की एक अदालत में पेश किया। अमानतुल्ला खान को विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया, क्योंकि ईडी ने उनकी 10 दिन की हिरासत मांगी थी। ईडी ने कहा कि मामले में अन्य आरोपियों और सबूतों के साथ उनका आमना-सामना कराना जरूरी है। आरोपी की ओर से पेश हुए वकील ने मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी। आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर सोमवार सुबह ईडी की टीम पहुंची। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



**100 वीं जयंती**

(03-09-1924 to 03-09-2024)

**स्व. प्राणनाथ जी**

आपसे प्राप्त संस्कारों से शक्ति ग्रहण करते हुए, आपकी मधुर स्मृतियों को हृदय में संजोये, हम आपके बताये मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। आप स्थूल रूप से भले ही हमारे साथ नही हैं, किन्तु प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आप सदैव से ही हमारे हृदय में विराजमान रहेंगे। आपकी जन्म शताब्दी के अवसर पर आपको

**श्रद्धापूर्वक नमन**

रविन्द्रनाथ-सुरक्षा रानी (पुत्र-पुत्रवधु)
महेन्द्रनाथ-पूनम रानी (पुत्र-पुत्रवधु)
देवेन्द्रनाथ-सुषमा रानी (पुत्र-पुत्रवधु)
उषा रानी (पुत्रवधु)
साधना मेहता (पुत्री)

प्रतिष्ठान:-
हरियाण हैन्डलूम्स, मु0नगर
आवरण फर्निशिंग, बैंगलोर
गैलेक्सी ओवरसीस, पानीपत
साधना क्रियेशन्स, मु0नगर

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 02 सितंबर (वार्ता)।** भारतीय और विश्व इतिहास में 03 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1650: इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई। 1791: फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया। 1783: अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त हुआ। 1833: अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र ह्यन्यूयार्क सनह्ल बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया। 1900 : रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया। 1918: प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया। 1921: बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। 1923: तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्?म हुआ था। 1924: चीन में गृह युद्ध की शुरूआत हुई। 1939: जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1939 : ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ। 1943: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया। 1943: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली ने हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1964: अमेरिकी अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट केनेडी ने इस्तीफा दिया। 1971: कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1984: दक्षिण अफ्रीका ने संविधान अंगीकार किया। 1984: फिलिपीन्स में आये भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 लोगों की मौत और सैकड़ों घायल। 1998 : नेल्सन मंडेला ने गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाया, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति जताई 2003: पाकिस्तान सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का निर्णय। 2006: यूरोप का पहला त्रिवर्षीय चंद्र मिशन समाप्त। 2006 : भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। 2007 : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके सबसे छोटे पुत्र अराफात रहमान कोको को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ़्तार किया गया। 2008 : राजेन्द्र कुमार पचौरी संयुक्त राष्ट्र की संस्था जलवायु परिवर्तन के अन्तर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) के दोबारा प्रमुख चुने गए। 2014: भारत और पाकिस्तान में एक साथ आई बाढ़ में दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत। 2015: ऑस्ट्रेलिया में क्रिस नाम की एक भेड़ से 40 किलो ऊन निकाला गया। ये एक भेड़ से एक साथ सबसे ज्यादा ऊन निकालने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। 2020: भारत और रूस ने अत्याधुनिक एके-203 रायफल भारत में बनाने के लिये एक बड़े समझौते को अंतिम रूप दिया।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73750 | चांदी- | 85800 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 55040 |

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 03 सितम्बर, 2024**

**मेष-** शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि, व्यक्तित्व का विकास, परोपकार की भावना जाग्रत। खुशी भी।

**वृषभ-** समस्याओं से चिंतित, जीवन साथी से असहयोग, घरेलू सुख में दिक्कतें, पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, मित्रों से तनाव, कर्ज से परेशान, वाहन से भय।

**मिथुन-**ग्रहयोग बेहतर, वाकद्पटुता से संकल्प सिद्धि, निराशा का समापन पक्ष में, व्याव-सायिक उन्नति, प्रगति का मार्ग प्रशस्त, शुभ समाचार की प्राप्ति। धर्म-कर्म में रुचि।

**कर्क-** परिस्थितियों में सुधार, अध्यात्म में आस्था, सुपरिचितों से विचार विमर्श, आपसी संबंधों में मधुरता, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, मानसिक शांति, हर्ष भी।

**सिंह-** अभिलाषा की पूर्ति का प्रयास, नवयोजना दृष्टिगत, समस्याओं के समाधान, पूँजी का प्रतिफल, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**कन्या-** दिन अशुभ, स्वास्थ्य में व्यवधान, धनागम में निराशा, आत्मीयजनों से कष्ट, परीक्षा प्रतियोगिता में असफलता, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, अपव्यय भी।

**तुला-** ग्रहयोग संतोषजनक, नवसम्पर्क का सुयोग, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, आपसी सम्बन्ध से कामयाबी, राजनैतिक कृत्यों में संलग्रता, विवाद का समापन पक्ष में।

**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

**धनु-** आर्थिक प्रगति हेतु प्रयत्नशील, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुअवसर, राजनैतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, कार्य क्षमता में वृद्धि, यात्रा सार्थक।

**मकर-** निराशा की स्थिति, आपसी सम्बन्धों में कटुता, संकल्प सिद्धि में बाधा, नव समस्याएँ उत्पन्न, भाग्य में न्यूनता, प्रतिष्ठा पर आघात, असमंजस की स्थिति, मन अशान्त।

**कुम्भ-** योजना साकार होने की ओर,आपसी मनमुटाव का समापन, मित्रों से सहयोग, धनागम का अवसर, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

**मीन-** चिरवांछित कार्य प्रगति पर, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय लाभप्रद, विस्तार की योजना फलीभूत, सुख-सुविधा हेतु प्रयत्नशील, मनोरंजन के प्रति रुझान, खुशी भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**चरथावल, 02 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने युवा ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह फौजदार को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान ने बताया कि ग्राम चौकडा में स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपनी मांगों को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने एक ज्ञापन सीएचसी प्रभारी को दिया था। वहीं स्वास्थ्य विभाग की अन्य समस्याओं सीएचसी चरथावल में अल्ट्रासाउंड का न होना, सीएचसी में आर्थोपेडिस का न होना, सीएचसी में कैमरे और जनरेटर का काम सुचारू रूप से न होने एवं प्रसव केंद्र पर रात में पर्याप्त रोशनी का न होना तथा क्षेत्र के स्वास्थ्य उप केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का न होना आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार को ज्ञापन सौंपते हुए समाधान की मांग की।

# मंत्री अनिल कुमार ने बरला में लगाया जनता दरबार

## दो सौ से अधिक लोगों ने रखी अपनी समस्याएं, कई मामलों का मौके पर निस्तारण

**छपार, 02 सितम्बर (बु.)।** प्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल कुमार ने अफसरों के साथ क्षेत्र की समस्याओं की सुनवाई को दरबार लगाया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। छपार क्षेत्र के बरला गांव के सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंत्री अनिल कुमार ने सोमवार में जनसुनवाई की गई। इस दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर राजू कुमार साव, तहसीलदार सदर राधेश्याम, छपार इंस्पेक्टर रोजंत त्यागी, पुरकाजी एसओ सुनील कसाना, नायब तहसीलदार के साथ ही सिंचाई, स्वास्थ्य, विद्युत आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पुरकाजी कस्बे के गफ्फार अहमद समेत दर्जनों लोगों ने पुरकाजी बिजली घर के पास पहले प्रशासन के आदेश पर हटवाये गए डिवाईडर नगर पंचायत द्वारा राजनीतिक कारणों से दोबारा लगवाने की



शिकायत रख दुर्घटना की आशंका जताकर कार्यवाही की मांग की गई। वहीं पुरकाजी कस्बे के अमित गोयल, अमित कश्यप आदि द्वारा भी मंत्री को समस्याओं के संबंध में शिकायती पत्र दिए गए। बरला के ग्रामीणों ने बरसाती नाले के अटने, विद्युत समस्या, कब्रिस्तान आदि की शिकायतें रखी। बड़ी संख्या में लोग भूमि संबंधी विवादों, रास्ते निर्माण व पुलिस, लेखपालों आदि की शिकायत लेकर भी पहुंचे थे। इस दौरान भारी भीड़ रही। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बारी-बारी से अफसरों संग बैठकर लोगों की शिकायतों को सुना गया। साथ ही अधिकारियों को शिकायतों पर कार्यवाही को निर्देशित किया। इस दौरान आए दो सौ से अधिक लोगों ने जनता दरबार में अपनी शिकायतें रखी, जिनमें काफी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर अफसरों को अन्य समस्याओं के निस्तारण को निर्देशित किया। कार्यक्रम में पुरकाजी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा, बरला प्रधान प्रतिनिधि परमात्मा शरण त्यागी, मांडला प्रधान सुनील गुर्जर, विनय मित्तल, लोकदल नेता बशारत खान, नफीस फरीदी, नौशाद फरीदी समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## किसान मजदूर संगठन का समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**चरथावल, 02 सितम्बर (बु.)।** विकासखण्ड सभागार में किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्त्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष दीपक सोम के नेतृत्व में विकास खंड परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची एसडीएम सदर निकिता शर्मा को किसानों ने अपनी समस्याओं का समाधान कराने हेतु 10 सूत्रीय एक मांग पत्र सौपा। एसडीएम सदर ने समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

चरथावल विकासखण्ड सभागार में सोमवार को विकास खंड परिसर में पहुंचे किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्त्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से आजिज होकर जिलाध्यक्ष दीपक सोम के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव रोनीहरजीपुर से बलवाखेड़ी नहर पटरी मार्ग पर सड़क पर लगे बिजली के खम्भों को तत्काल प्रभाव से हटवाया जाये। ग्राम बिरालसी में नयी गन्ना सोसायटी बनायी गयी थी, लेकिन उसमें आज तक कोई भी कर्मचारी नहीं आता है, कर्मचारियों के न आने से किसानों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। रोहाना टोल के अन्तर्गत 10 किलोमीटर तक गांवों को टोल मुक्त किया जाये। उन्होंने बिरालसी कोआपरेटिव



सोसायटी व कोआपरेटिव बैंक कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान की मांग की।

गांव रोनीहरजीपुर से गुजर रही हाईटेंशन लाईन को तत्काल हटवाया जाये। वहीं जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, उन किसानों के गन्ना बोंड पूर्व की भांति चलाकर बेसिक कोटा बढाया जाये। उन्होंने कहा कि विद्युत निगम द्वारा उसी गांव के लाईनमैन को दूसरे गांव में रखा जाये। विद्युत खराब मीटरों को तुरंत बदला जाये। शुगर मिल सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व गन्ना विभाग की सभी सड़कों को बनाया जाये, ताकि किसानों को गन्ना ले जाने में कोई कठिनाई न हो। धरना प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर राजू कुमार साव, तहसीलदार राधेश्याम गौड़, सीओ चकबन्दी, रोहाना टोल मैनेजर, एसडीओ विद्युत विभाग प्रांशु त्यागी, एडीओ कॉपरेटिव, कई बिजलीघर के अवर अभियंता मौके पर पहुंचे, जहां पर किसानों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराकर समाधान की मांग की। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर बबली शर्मा, रितिक राणा, प्रशांत राणा, बिल्लू राणा, रजा आदि मौजूद रहे।

## एसडी मैनेजमेन्ट में बीसीए षष्टम् सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा बीसीए षष्टम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले जिया दुआ ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, द्वितीय स्थान पर वसुन्धरा जैन जिसने 82.1 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से आने वाले प्रियांश तायल व देवांश शर्मा ने 78.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कॉलेज में बीसीए षष्टम सेमेस्टर के 98 प्रतिशत छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावको व बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया।



कॉलेज प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने सभी छात्र/छात्राओं को भविष्य में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में सफलता हमेशा अनुभव से आती है और अनुभव हमेशा बुरे अनुभव से आता है, जीवन में सफल होने के लिए आपको सबको सुनने की आदत तो होनी ही चाहिए, लेकिन करना वही चाहिए जो आपके मन को बेहतर लगे। बीसीए विभागाध्यक्ष संजीव तायल ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य कड़ी मेहनत, दृढ़ता, सीखना, अध्ययन, त्याग और सबसे बढ़कर आप जो कर रहे हैं या करना सीख रहें हैं, उसके प्रति प्रेम है। इस अवसर पर बीसीए विभाग से वैभव वत्स, अंजर, प्राची, निरंकार, अनुज गोयल, मोहित गोयल, हर्षित, रोबिन गर्ग, हर्षिता, चांदना दीक्षित, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, श्वेता, हिमांशु शर्मा, देवेश भारद्वाज, विनिता चौधरी, सतीश, अमित एवं उमेश मलिक आदि शिक्षक व स्टाफ ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की सराहना की।

## श्री आदर्श रामलीला की मीटिंग में अंकित संगल अध्यक्ष मनोनीत



**जानसठ 02 सितम्बर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला की एक आम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से अंकित संगल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कस्बे के मौहल्ला हुसैनपुरा में गोपाल संगल के निवास स्थान पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी की एक आम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी पर संचालन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व सभासद गौरव भटनागर द्वारा किया गया। बैठक में 2024 रामलीला का मंचन कलाकारों द्वारा करने वह नई कार्यकारिणी हेतु विचार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अंकित संगल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया व महासचिव दीपेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सभासद गौरव भटनागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक उपाध्याय, कपिल कंसल, सहसचिव अंशुल उपाध्याय, अक्षय कंसल, उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी, शिवराज कंसल, दीपक सैनी, हिमांशु भटनागर, राजेश सैनी, राजीव गुप्ता, सुधीर ठाकुर आदि को सर्वसम्मति से बनाया गया। बैठक में गोपाल संगल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सभासद सुशील कुमार, सतीश खटीक, शिवराज कंसल, आदि मौजूद रहे।

## फरवरी तक दिए गए गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के खाते में पहुंचा



**बुढ़ाना, 02 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के न्याय पंचायत अध्यक्ष तैमूर अली राणा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन ने गन्ना भुगतान के सम्बन्ध में बीती आठ जुलाई को युवा भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत, जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार और बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत आदि ने बजाज शुगर मिल भसाना पर धरना देकर एसडीएम बुढ़ाना को एक ज्ञापन दिया था। जिसमें मिल अधिकारियों ने किसानों को उसी समय 25 करोड़ रुपये का चेक दिया था और बाकी पेमेंट शेड्यूल बनाकर भुगतान करने को कहा था, जिस पर किसानों ने भरोसा किया था कि अब उनको शेडयूल के हिसाब से गन्ने का पूरा भुगतान मिलेगा लेकिन शुगर मिल फिर से अपने वादे को दरकिनार कर किसानों को समय पर पूरा पेमेंट नहीं कर रहा है। पिछले महीने जो त्यौहार गये वो बिना पैसों फीके से रहे। जिसमें किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों में काफी गुस्सा है और शुगर मिल भुगतान में सुधार नहीं कर पा रहा है। अगर ऐसे ही होता रहेगा तो फिर से किसानों को मिल पर धरना देने की जरुरत पड़ेगी। हमारे जिले में सभी शुगर मिलें समय पर शत प्रतिशत भुगतान कर देती है लेकिन भसाना मिल भुगतान करने में सबसे पीछे है। आज सोमवार के दिन बजाज शुगर मिल भसाना ने 21 फरवरी तक का गन्ने का भुगतान किसानों के खाते में पहुंचाया जो नाकाफी है।**

## अधिकारियों को बुलाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन, बुढ़ाना तहसील में होगा धरना



**बुढ़ाना, 02 सितम्बर (बु.)।** किसान मजदूर संगठन 10 सितम्बर को बुढ़ाना तहसील परिसर में प्रदर्शन करेगा। धरने में संगठन उन अधिकारियों को बुलाना चाहता है, जो अधिकारी किसानों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभाते हैं। इसी को लेकर सोमवार के दिन किसान मजदूर संगठन के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार राणा के नेतृत्व में संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना उप जिला अधिकारी राज कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि किसान मजदूर संगठन का 10 सितम्बर को बुढ़ाना तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन है, जिसमें सैंकड़ों वें किसान भागीदारी करेंगे जो विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसलिए उनके संगठन के इस धरने में गन्ना विभाग के डीसीओ, विद्युत विभाग बुढ़ाना के एक्सईएन और एसडीओ, राजस्व विभाग के अधिकारी, चौगामा नहर और यमुना नहर के अधिकारी, चकबंदी विभाग के एसओसी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और एनएचआई के अधिकारी बुलाए जाएं ताकि मौके पर ही सभी किसानों की समस्याओं का निस्तारण हो जाए। यहां पर जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जिला महासचिव ईश्वर सिंह, गांव अध्यक्ष बड़ोदा सुभाष नाथ, लोकेश प्रधान, बबलू सिंह व सतेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शारदेन स्कूल की ऑनर्स असेंबली में प्रीफेक्ट बैज वितरण



**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** शारदेन स्कूल में ऑनर्स असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया और नए प्रीफेक्ट्स को उनके बैज दिए गए। स्कूल के प्रबंधक महोदय विश्वरतन तथा प्रधानाचार्या धारा रतन ने छात्रों को उनकी शैक्षिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया। उन्होंने नए प्रीफेक्ट्स को उनके पदों की शपथ दिलाई और उन्हें उनके बैज प्रदान किए। नए प्रीफेक्ट्स में हेड बॉय कोनार्क सिंघल और हेड गर्ल जेसिका ग्रोवर शामिल हैं, जबकि आन्या कुमार को वाइस हेड गर्ल चुना गया है। करेज हाउस से हाउस कैप्टन बॉय केशव आनंद और हाउस कैप्टन गर्ल आश्रया कौशिक, फेथ हाउस से हाउस कैप्टन बॉय शशांक शर्मा और हाउस कैप्टन गर्ल जन्नत आलम, होप हाउस से हाउस कैप्टन बॉय उज्जवल अग्रवाल तथा हाउस कैप्टन गर्ल तनिष्का शाहू, पीस हाउस से हाउस कैप्टन बॉय प्रियांशु चौधरी तथा हाउस कैप्टन गर्ल श्रुति तोमर को चुना गया है। चारों हाउस से अन्य प्रीफेक्ट्स में ईवा, तारिणी, ओजस्वी, वैभवी, ईशा चौधरी, वरदान, अविरल सिंगल, सानिया खान, सिद्धि अरोड़ा, अपूर्वा शर्मा, दिव्यांगना, राधिका मित्तल आदि शामिल हैं। इस समारोह में, स्कूल के शिक्षक और सभी छात्र उपस्थित थे। नए प्रीफेक्ट्स ने अपने पदों की जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और सभी को प्रोत्साहित किया। अंत में प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने चुने गए प्रीफेक्ट्स को बधाई दी।

## श्रीराम इंजीनियरिंग में दीक्षारम्भ-2024 का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दीक्षारम्भ 2024 का आयोजन किया गया जिसमें श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ तथा निदेशक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रेरणा मित्तल, डॉ. मनोज धीमान ने दीप-प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि





को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. आकांक्षा सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ के जीवनवृत्त की झलकियां प्रस्तुत कीं। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि एवं श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने छात्र-छात्राओं से प्रश्नों के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से देश और समाज के भविष्य को भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभव नये छात्रों के साथ साझा करते हुए कहा कि गांवों में पुराने घरों में भी इंजीनियरिंग देखने को मिलती है।प्रो. (डॉ.) एसएन ने इंजीरियरिंग के छात्रों को बताया कि डिजीटल युग में इंजीनियरिंग का क्या महत्व है और यह किस प्रकार अपना प्रारूप तेजी से परिवर्तित कर रहा है, जिसके लिये सभी विद्यार्थियों को समय के साथ तैयार रहना चाहिए। संस्थान की डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी ने मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विभागाध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सिंह ने छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. एसएन चौहान, डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी व सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रेरणा मित्तल, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. मनोज धीमान एवं डॉ. विनीत कुमार शर्मा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## स्टंट कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**जानसठ 02 सितम्बर (बु.)। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्जनों कार चालक स्टंट कर रहे थे। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे लगभग दो दर्जन कार चालक सड़क पर स्टंट कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव निराना के पास बिट्टू के पुराने भट्टे के सामने कार चालक स्टंट कर रहे थे, जिसकी किसी ने वीडियो बना ली। यह कार चालक मुजफ्फरनगर से जानसठ की ओर लगभग दो दर्जन गाड़ियों का काफिला लेकर जा रहे थे। इनके चालक गाड़ियों को तेजी व लापरवाही से चला रहे थे। कुछ लोग चलती गाड़ियों की खिड़की से बाहर निकलकर शोर शराबा कर रहे थे। उन्होंने पीछे से आ रहे वाहनों का मार्ग पूर्णतया बंद कर दिया था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 10 कार चालकों की कारों का नंबर सहित और लगभग एक दर्जन अज्ञात कार चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कार चालकों की तलाश में जुट गई है।**

## महाराजा अग्रसैन कन्या महाविद्यालय के नये सत्र का शुभारम्भ



**चरथावल, 02 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को महाराजा अग्रसैन कन्या पीजी महाविद्यालय चरथावल में नये शिक्षण सत्र 2024-25 का शुभारम्भ हवन-पूजन के द्वारा हुआ। हवन-पूजन के मुख्य यज्ञमान महाविद्यालय के संरक्षक अनुज कुमार बंसल द्वारा विधिवत पूजन को सम्पन्न किया गया। महाविद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार सिंहल ने बताया कि सत्र 2023-24 के सभी परीक्षाफल मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किये जा चुके हैं तथा स्नातक स्तर पर सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया भी लगभग सम्पन्न हो चुकी है। अतः आज से महाविद्यालय में नये शिक्षण सत्र 2024-25 शुरू हो रहा है। प्राचार्या डॉ. अनीता रानी ने बताया कि कॉलेज की चार छात्राओं ने सत्र 2023-24 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त किया है। एमए विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा फरहत जहां को 5 सितम्बर को आयोजित दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जायेगा। फरीन त्यागी ने आठवां, कमरजहां ने एमए गृह विज्ञान में नौवां स्थान प्राप्त किया है। बीए पाठ्यक्रम में तमन्ना ने भी विश्वविद्यालय की टॉप टेन सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस मौके पर महाविद्यालय अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश गर्ग, प्रबन्ध विनोद कुमार सिंहल उपस्थित रहे। सत्र शुभारम्भ के अवसर पर अतिथिगण जनेश्वर दास सिंघल, सुशील, कोमल सिंघल, अनुज गर्ग, बिजेन्द्र सिंघल, मांगेराम कश्यप, प्रवक्तागण डॉ. सारिका शर्मा, सरिता रानी, शालिनी, अमित, दीपक, अंकित उपस्थित रहे।

## एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र छात्राओं ने परीक्षा में लहराया परचम, हिमानी रही अव्वल

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा आयोजित 5 वर्षीय पाठयक्रम बीए, एलएलबी एवं बीकॉम, एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराते हुए महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस परीक्षा परिणाम में बीए-एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हिमानी बालियान ने प्रथम, आंशिक पाल द्वितीय और साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम-एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हिमांशी कालरा ने प्रथम, खुशी गोयल ने द्वितीय और तान्या गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. रेणु गर्ग ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी इसी तरह से पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार करें। कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र लक्ष्य बनाकर कार्य करें। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मुकुल गुप्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि आप टॉप पर बने रहने के लिए छात्र-छात्राओं को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर एस डी कॉलेज ऑफ लॉ परिवार से डॉ.अमित चौहान, डॉ. प्रीति चौहान, बीता गर्ग, पूनम शर्मा, छवि जैन, अमित त्यागी, अनिता सिंह, डॉ. दीपक मलिक, डॉ. अभिनव गोयल, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, विपुल कुमार, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, उमेश चंद त्रिपाठी, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही और आमिर आदि उपस्थित रहे।

## पी.आर. पब्लिक स्कूल में छात्राओं को दी हेल्पलाइन की जानकारी



**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति अभियान की सब इंस्पेक्टर शिक्षा और मोनिका राठी द्वारा कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को पुलिस के अलावा अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

महिला सब इंस्पेक्टर शिक्षा ने कहा कि शोषण चाहे घर में हो या बाहर आप छुपाए नहीं, उसके खिलाफ आवाज उठाएं। शोषण करने वालों का कानूनी रूप से उपचार किया जाएगा। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और स्वावलंबी बनाना है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि छात्राएं समस्याओं का डर कर नहीं, डटकर मुकाबला करें। हर कदम पर पुलिस प्रशासन उनके साथ है। स्कूल प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने कहा कि छात्राएं संस्कारित शिक्षा प्राप्त कर समाज में परिवर्तन ला सकती हैं। छात्राओं को शारीरिक रूप से मजबूत होना भी आवश्यक है। इसके लिए उन्हें पौष्टिक तथा संतुलित भोजन लेना चाहिए। स्कूल निदेशक अनघ सिंघल और प्रबंधक अशोक सिंघल ने मिशन शक्ति की ओर से आए अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप श्रीमद् भागवत गीता भेंट की। इसी के साथ-साथ विद्यालय प्रांगण में भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर मेन के सौजन्य से राष्ट्रीय प्रकल्प के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भारत को जानो आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं से छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल प्रबंधक व कार्यक्रम संयोजक अशोक सिंघल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को समाज और संस्कृति से जोड़े रखता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर मेन के सचिव नवनीत गुप्ता, नीरज सिंघल, प्रांतीय सचिव हर्षवर्धन जैन आदि का सहयोग रहा। संचालन प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा द्वारा किया गया।

## हैंडपंप सही करते समय हाईटेंशन लाइन करंट से दो की मौत

**एटा, 2 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के एटा में थाना निधौली कलां के गांव दुल्हा में सरकारी हैंडपंप सही करते पाइप में हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया। मिस्त्री सहित तीन लोग हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में आगरा रेफर किया गया है। रामपाल निवासी दयारामपुर ने बताया कि गांव से बाहर निकलते ही दुल्हा गांव की सीमा में एक सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। ये काफी समय से खराब था। निजी खर्चे से इसको सही करने के लिए पास के ही गांव रसीदपुर निवासी प्रमोद कुमार (20) को बुलाया गया था। वह हैंडपंप का मिस्त्री है। उसके साथ मेरा बेटा भूपेंद्र (30) और गांव का ही सुनील काम कर रहा था। हैंडपंप के ऊपर से ही बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। ये लोग हैंडपंप को सही करते समय पाइप व सरिया निकाल रहे थे। तभी पाइप में करंट आ गया। तीनों युवक करंट में चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

## आईएस नेटवर्क की साजिश रचने वाले को सात साल की कैद

**नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने 2020 में पुलिस पर गोलीबारी करने के लिए संदिग्ध आईएस ऑपरेटिव ख्वाजा मोइद्दीन को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मोइदीन 2014 में तमिलनाडु में हिंदू मुन्नानी सदस्य केपी सुरेश कुमार की हत्या का मुख्य आरोपी है। पूछताछ में पता चला कि मोइद्दीन ने भारत में आईएस नेटवर्क को फिर से खड़ा करने की साजिश रची थी और अन्य दो को इस्लामिक देश में पलायन करने के लिए प्रेरित किया था। सशर्त जमानत पर रिहा हुआ मोइद्दीन भागने में सफल रहा था। 2020 में जब पुलिस उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी तब उसने पुलिस टीम पर गोलीबारी की। बाद में सैयद अली नवास और अब्दुल समद के साथ उसे वजीराबाद से पकड़ा गया। विशेष न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। मोइद्दीन और सैयद को सात साल सश्रम कारावास की सजा और 7,500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो राहुल 100 फीसदी पीएम बनेंगे: सिंघवी

**नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह बेहद गंभीरता के साथ कई मुद्दों पर काम कर रहे और समर्पण दिखा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के लिए शत प्रतिशत हकदार होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालेंगे और क्या वह उन्हें भविष्य के प्रधानमंत्री के रूप में देखते हैं, चार बार के सांसद ने कहा, 'मुझे भूल जाइए, भाजपा के मित्रों से पूछिए। आप सब ट्रोलिंग देखते थे, इसमें प्रशंसा क्यों है, जबकि यह अनिच्छा से की गई प्रशंसा है, क्योंकि आपको एहसास होता है कि (वे) एक ईमानदार व्यक्ति का मजाक उड़ा रहे थे, एक ऐसे व्यक्ति का मजाक उड़ा रहे थे जो सीधा, स्पष्टवादी और वैचारिक है, न कि अतिशयोक्तिपूर्ण, बयानबाजी वाला, राजनीतिक, बड़े-बड़े शब्द बोलने वाला। ईमानदारी सामने आ रही है और लोग इसे महसूस कर रहे हैं।'

## प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने बेटी को गंड़ासे से काट डाला

**बहराइच, 2 सितंबर (एजेंसी)।** बहराइच के मोतीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को दिलदहला देने वाली घटना हुई। बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने गड़ासे से बेटी को काट डाला और फिर घंटों तक लाश के पास बैठा रहा। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निबिया निवासी नईम ने अपनी बेटी खुशबू (17) की गड़ासे से काटकर निर्मम हत्या कर दी। नईम ने अपने घर के बाहर बेटी का पहले सिर काटा और फिर हाथ पैर काट डाले। वहीं, बिना किसी भय के शव के पास बैठा रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। हत्या का कारण बेटी का प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

## धमाके से दहला थाना: पटाखों में हुआ जोरदार विस्फोट, छत भी गिरी

**बागपत, 2 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बागपत में रविवार देर रात्रि बड़ा हादसा हुआ। यहां बालैनी थाने के कमरे में रखे पटाखों में आधी रात को जोरदार धमाके के साथ विस्फोट हो गया।

विस्फोट इतना भयंकर था कि अफरातफरी का आलम बन गया और थाने में भगदड़ शुरू हो गई। विस्फोट होने से थाने का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। वहीं थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई।

बताया गया कि अवैध रूप स बनाए जा रहे पटाखों को जब्त किया गया था, जिन्हें थाने में रखा गया था। रविवार रात्रि कमरे में अचानक विस्फोट हो गया। कमरे में शॉर्ट सर्किट होने से विस्फोट हुआ है।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जयभारत इण्टर कॉलेज (छपार) की माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0662985 का प्रमाण पत्र-सह अंकपत्र तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0487010 का प्रमाण पत्र-सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**नूरफातमा पुत्री मौ0 नसीम**
**ग्राम-छपार, जिला- मुजफ्फरनगर**



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## बुलडोजर और निकृष्ट राजनीति

बुलडोजर से अवैध निर्माण गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में खूब हुई हैं। अपराधियों के अवैध निर्माण भी बुलडोजर से गिराए गए। विपक्षी दलों ने सरकारों पर बुलडोजर के गलत इस्तेमाल के आरोप भी लगाए। बुलडोजर को लेकर निकृष्ट राजनीति यानी निचले दर्जे की सियासत भी खूब हुई। फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने कल बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि सिर्फ आरोपी होने के आधार पर किसी के घर को गिराना उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति दोषी भी है, तो भी उसके घर को गिराया नहीं जा सकता। जस्टिस गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बैंच के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश कीं। मेहता ने कहा कि जो कार्रवाई की गई है, वह म्युनिसिपल कानून ही के अनुसार की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे के मामलों में म्युनिसिपल संस्थाओं द्वारा नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई की गई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस बात को स्वीकार किया और कहा कि अपराध में दोषी साबित होने पर भी घर नहीं गिराया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे अवैध कब्जे या अवैध निर्माण के कारण निशाने पर हैं, न कि अपराध के आरोप की वजह से। जमीयत उलेमा ए हिन्द ने याचिका दाखिल कर सरकारों द्वारा आरोपियों के घरों पर मनमाने ढंग से बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में यूपी, मध्यप्रदेश और राजस्थान में हाल में हुई बुलडोजर कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया गया है। याचिका में 'बुलडोजर जस्टिस' की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से शीघ्र सुनवाई की अपील की गई थी। वकील दुष्यंत दवे ने इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी। याचिका जहांगीरपुरी मामले में वकील फरूख रशीद द्वारा दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकारें हाशिए पर मौजूद लोगों, खासकर अल्पसंख्यकों के खिलाफ दमन चक्र चलाकर उनके घरों और संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे पीड़ितों को कानूनी उपाय करने का मौका नहीं मिलता। एमेनेस्टी इंटरनेशनल की फरवरी 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2022 से जून 2023 के बीच दिल्ली, असम, गुजरात, मध्यप्रदेश और यूपी में सांप्रदायिक हिंसा के बाद 128 संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। मध्यप्रदेश में एक आरोपी के पिता की संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया गया और मुरादाबाद तथा बरेली में भी बुलडोजर से संपत्तियां ढहाई गईं। हाल ही में, राजस्थान के उदयपुर जिले में राशिद खान का घर भी बुलडोजर से गिरा दिया गया, जिसमें उनके 15 वर्षीय बेटे पर स्कूल में अपने सहपाठी को चाकू से गोदने का आरोप था। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि वह अवैध निर्माण को संरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है अवैध निर्माण चाहे अपराधी का हो, निरअपराधी का हो, आरोपी का हो गिरना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि वह किसी भी अवैध संरचना को सुरक्षा प्रदान नहीं करेगा, जो सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध कर रही हो। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं, ताकि वह पूरे देश में संपत्तियों के ध्वस्तीकरण के संबंध में उचित दिशा-निर्देश जारी कर सके। कोर्ट का आशय स्पष्ट है कि अपराधी का भी वैध निर्माण बुलडोजर से नहीं गिराया जाएगा और किसी का भी अवैध निर्माण गिराया जाता रहेगा। ऐसे भी मामले सामने आए, जिनमें कुछ अवैध निर्माण करने वालों ने भी खुद को पीड़ित बताकर समाज और कानून की सहानुभूति प्राप्त करने का षड्यंत्र किया, लेकिन वे बेनकाब हो गए। आजकल अपराधी खुद को निर्दोष कहते नहीं थकते, कमाल यह भी है कि उनके पीछे एक भीड़ भी इकट्ठा हो जाती है। गुनहगार, पुलिस पर जांच एजेंसियों पर भीड़ का दबाव डालने की कोशिश करता है, कहीं-कहीं वह कामयाब भी हो जाता है, लेकिन अब ऐसा कम ही होता है। कल दिल्ली में एक सियासी आरोपी के घर ईडी गयी उसने भीड़ के दबाव के नशे में ईडी के अफसरों को घर में घुसने नहीं दिया। बाद में पुलिस व पैरा मिलटरी फोर्स के आने के बाद अफसर घर में गए और पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोहल्ले वाले उसे निर्दोष बता रहे थे यानी वह और उसके मौहल्ले वाले पीड़ित कार्ड खेलने लगे, जबकि उस सियासी आरोपी के अपराधी होने के पूरे चांस हैं, वहां भीड़ ईडी के अफसरों से टकराने के मूड में लग रही थी। यह अराजकता पुलिस और फोर्स के कारण नहीं हो पाई। ऐसे गुनहगार भी पीड़ित की शक्ल बनाकर अदालत जाते हैं, जा सकते हैं। आजकल तो दोष प्रमाणित होने के बाद भी दोषी सीना तान कर चलता है, यह जमाना है। अपराधियों का महिमामंडन चलता है। देखना यह है कि यह सब कब तक चलेगा। कब तक अपराधी मंचों पर सजधज कर बैठते रहेंगे। अपराधियों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। कन्नौज से बलात्कार के आरोपी सपा नेता नवाब सिंह के करीबी रिश्तेदार की अवैध संपत्ति पर प्रशासन ने बुलडोजर एक्शन किया था। तिर्वा में बने कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्री वॉल, जोकि 450 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर बनी थी, उसे ढहा दिया गया था। इसको लेकर पहले नोटिस दिया गया था कि सात दिनों में अवैध कब्जा हटा लिया जाए, लेकिन जब कब्जा नहीं हटा, तो कोल्ड स्टोरेज की दीवार को कुछ ही मिनटों में ढहा दिया गया। इस पर भी हल्ला मचा था, लेकिन निर्माण अवैध था, तो कब्जा करने वाले बिलबिला कर ही रह गए। अब सपा नेता नवाब सिंह पर कानूनी शिकंजा और कस गया है। नवाब सिंह यादव का नाबालिग रेप पीड़िता के साथ डीएनए सैंपल मैच हो गया है। इसके साथ ही पीड़िता के साथ बलात्कार की पुष्टि हो गई है। फोरेंसिक टेस्ट रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। अब नाबालिग से रेप के साथ-साथ पुलिस पॉक्सो एक्ट के तहत चार्जशीट दाखिल करेगी। डीएनए की पुष्टि होने के बाद रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव की मुश्किलें तो बढ़ गई हैं। अखिलेश यादव को भी घेरा जा रहा है। बीजेपी प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने कहा कि क्या श्रीमान अखिलेश यादव मांफी मांगेंगे। आलोक अवस्थी ने कहा कि जिस नवाब ब्रांड को बचाने के लिए अखिलेश यादव तमाम हथकंडे अपना रहे थे। वो डीएनए टेस्ट और नार्को टेस्ट कराने की मांग कर रहे थे। आज उस नवाब ब्रांड का डीएनए मैच कर गया है। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि अब उस बलात्कारी को बचाने के लिए अखिलेश यादव क्या कहेंगे।

## चार तीर

सुनील उत्सव

"खूबी" "सूरत" "खामोशी" "चिट्ठा"

न खूबी है कोई तुममें, न कोई बात है तुममें,
न सूरत पर कोई रौनक, है चर्चा पर बुरा चर्चा।
अगर अपना भला चाहो, तो खामोशी को अपनाओ,
जबां से खुलता जाता है तुम्हारी अक्ल का चिट्ठा।

# वैष्णो देवी भवन मार्ग पर भूस्खलन, दो महिला श्रद्धालुओं की मौत



जम्मू, 2 सितंबर (एजेंसी)। जम्मू में माता वैष्णो देवी मार्ग पर लैंडस्लाइड की बड़ी घटना हुई है। भूस्खलन की घटना में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि एक घायल हुई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर रेस्क्यू अभियान चल रहा है। हादसा माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर पंची हेलीपैड के पास हुआ है। हादसे में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं, एक लड़की गंभीर रूप से घायल है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रही है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन मार्ग पर पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटना हुई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम मौके पर पहुंच गई है।

# जिले में निराश्रितों को मिलेगा पीएम आवास का लाभः डीएम




मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। देश मे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अब पात्रों को लाभान्वित करने के साथ 2024-25 से 2028-29 के आगामी चरण के लिए योजना का सर्वे किया जाएगा। इसके तहत जहां वर्ष 2018 की सूची में शामिल बचे पात्रों को भी इसमें जोड़ा जाएगा, वहीं सरकार की पहल पर जिले में निराश्रितों के लिए अलग से अभियान शुरू किए जाने की योजना है। सोमवार को डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने विकास भवन सभागार में मीडिया के समक्ष जिले में पीएम आवास लाभार्थियों के पारदर्शी चयन की प्रक्रिया के तहत खण्ड विकास अधिकारियों को इस योजना को धरातल पर शुरू कराने के लिए दिशा निर्देश दिए। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जनपद में अब पीएम आवास योजना बेघरों का फिर से सहारा बनेगी। योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए फिर से सर्वे का काम शुरू होगा। इसमें पात्र लाभार्थियों का चयन किए जाने को टीमें लगाई जाएंगी। डीएम ने बताया कि इसके क्रियान्वयन का आदेश मिलने के बाद जनपद में सर्वे की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिसको लेकर खण्ड विकास अधिकारी ब्लॉक स्तर पर गांवों के प्रधानों, बीडीसी तथा सचिवों की बैठक लेकर सर्वे के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद और पात्र लोगों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से पीएम आवास योजना शुरू की गई थी। इसके तहत बेघरों को पक्की छत उपलब्ध कराई गई थी। जिसे लेकर 2018 में आवास प्लस के तहत हुए सर्वे में चयनित पात्रों को योजना का लाभ दिया गया था। अब शासन ने फिर कुछ बदलावों के साथ योजना के लिए सर्वे कराने के आदेश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2024-25 से 2028-29 के आगामी चरण के लिए योजना का सर्वे किया जाएगा। इसके तहत 2018 की सूची में शामिल बचे पात्रों को इसमें जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना में लाभान्वित होने के लिए आवेदक के परिवार के पास मोटर चालित वाहन, फोर व्हीलर कृषि यंत्र, 50000/-से अधिक लिमिट का किसान क्रेडिट कार्ड और उस परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी नहीं होना चाहिए। साथ ही परिवार में कोई सदस्य 15000/-रुपए से अधिक आय प्राप्त न करता हो। इसके साथ ही उनके पास 2.5 एकड से अधिक सींचित भूमि का स्वामी भी नहीं होने वालों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। इस दौरान सीडीओ संदीप भागिया भी मौजूद रहे।

# भाजपा सदस्यता अभियान की आज से हुई शुरूआत




मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। प्रारंभिक चरण में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरूआत सोमवार 2 सितंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर या कहें सदस्यता का नवीनीकरण करा कर किया गया। इसके साथ पूरे देश में लाखों लोगों ने अपनी सदस्यता प्राप्त की और आज से भाजपा सदस्य बनने शुरू हो गए हैं। भाजपा कार्यालय पर पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी की अध्यक्षता एवं सदस्यता अभियान के संयोजक श्रीमोहन तायल के साथ सदस्यता टोली शरद शर्मा, बिजेंद्र पाल, विजय सैनी, सुषमा पुंडीर के साथ वरिष्ठ नेताओं एवं साथी कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेंद्र सैनी, ब्लॉक प्रमुख सदर अमित चौधरी, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, अनिल राठी, भाजपा नेता राजीव गर्ग, हिमांशु सैनी, रविकांत पाल व सचिन सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों ने कसी कमर

## - यूपीएस के विरोध में 96 घंटे तक बाधेंगे काली पट्टी

मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। केंद्र सरकार के यूपीएस पर नोटिफिकेशन आने से पहले ही शिक्षकों समेत कई संगठनों ने विरोध का बिगुल बजा दिया है। इस बीच कर्मचारी संगठनों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यूपीएस का विरोध जताया है। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह पुरानी पेंशन बहाली की बजाए एनपीएस में सुधार कर नई पेंशन योजना यूपीएस लागू करने की हाल में घोषणा की है। ज्यादातर कर्मचारी संगठनों ने यूपीएस का विरोध किया है। कई संगठनों ने केंद्र सरकार के निर्णय का विरोध करते हुए आज से छह सितंबर तक एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत पूरे देश के शिक्षक एवं दूसरे कर्मचारी, काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। अभियान का मकसद, सरकार को चेताना है। सोमवार से इस अभियान की शुरूआत के बीच में सनातन धर्म इंटर कॉलेज निकट रोडवेज बस स्टैंड पर जिले के सभी अध्यापकों ने यूपीएस का विरोध करते हुए काली पट्टी बांधी। सभी ने एकमत होकर सरकार से ओपीएस की मांग की। इस दौरान अध्यापकों ने शपथ ली कि संघर्ष ओपीएस मिलने तक जारी रहेगा। इस बीच माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन हमारी सम्मान राशि है ना कि कोई अनुकंपा। ऐसे में यह सम्मान राशि लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हद में रहकर कभी भी कामयाबी नहीं मिलती, जीत के लिए हद पार करनी पड़ती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। उन्होंने कर्मचारियों के बुढ़ापे के लिए पूरी तरह जोखिम वाली योजना बताते हुए कहा कि यूपीएस से रिटायर्ड पर्सन की सामाजिक सुरक्षा खत्म होती है।

# खेत में सात दरिंदों ने 48 घंटे तक लगातार किया दुष्कर्म, छात्रा की हालत बिगड़ी तो भाग गए



मेरठ, 2 सितंबर (एजेंसी)। फलावदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी अनुसूचित जाति की कक्षा 11 की छात्रा का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म मामले में रविवार को पुलिस ने बयान दर्ज किए। छात्रा ने आरोपियों की दरिंदगी बयां की। छात्रा ने बताया कि आरोपी समीर निवासी महलका, राजा और समीर निवासी नंगला हरेरू और उनके चार दोस्त उसका अपहरण करके दौराला थाना क्षेत्र के लोइया के जंगल में ले गए। 48 घंटे तक लगातार उसके साथ खेत में ट्यूबवेल पर सामूहिक दुष्कर्म किया। कक्षा 11 की छात्रा 29 अगस्त को जंगल गई थी। वहां से छात्रा का समीर, राजा व समीर निवासी नंगला हरेरु और उनके चार साथियों ने अपहरण कर लिया था। आरोपी छात्रा को दौराला के लोईया गांव के जंगल में ले गए। दो दिन और रात उसे जंगल में रखा। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे जंगल में बदहवास हालत में फेंककर भाग गए। किशोरी के परिजनों को जानकारी हुई तो शुक्रवार शाम को जंगल में पहुंचे। छात्रा को लेकर घर आए। छात्रा ने आरोपियों की दरिंदगी बयां की। हिंदू संगठन के लोगों ने शनिवार को इस मामले में हंगामा किया। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे।

## दुष्कर्म के आंकड़ों पर सिब्बल का उपराष्ट्रपति पर पलटवार

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़ों का हवाला देते हुए सोमवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर पलटवार किया। दरअसल, सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के एक कथित प्रस्ताव में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले को एक आम घटना करार दिया। जिसके बाद इस बयान की धनखड़ ने आलोचना की थी। सिब्बल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि 2017 से 2022 के बीच भारत में दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के 1,551 मामले सामने आए। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 280 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद मध्य प्रदेश में 207, असम में 205, महाराष्ट्र में 155 और कर्नाटक में 79 मामले दर्ज किए गए। धनखड़ी जी.. ये देखिए इसमें बंगाल क्यों नहीं है? क्या वहां कोई समस्या नहीं थी? उप राष्ट्रपति धनखड़ ने एक कथित प्रस्ताव में यह कहने के लिए एससीबीए के अध्यक्ष कपिल सिब्बल की आलोचना की थी कि कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुखद घटना अस्वस्थता का लक्षण थी।

# यूपी सिपाही भर्तीः 48 लाख अभ्यर्थियों को रोडवेज ने कराया मुफ्त सफर, करीब 75 करोड़ रुपये का व्यय भार पड़ा




लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)। सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान 48 लाख अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों से निशुल्क यात्रा करवाई गई। इससे रोडवेज के 75 करोड़ रुपये का व्यय भार पड़ा। इसमें लखनऊ में 2,87,832 टिकट जारी किए गए, जिससे लखनऊ परिक्षेत्र पर 5,33,81,497 रुपये का व्यय आया। दरअसल, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बसों में निशुल्क यात्रा कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रोडवेज प्रशासन ने परीक्षार्थियों को बसों की सुविधा उपलब्ध कराई। सोमवार को रोडवेज प्रशासन ने सफर करने वाले परीक्षार्थियों का आंकड़ा जारी किया। रोडवेज के 20 परिक्षेत्रों में अभ्यर्थियों को कुल 48,00,170 टिकट जारी किए गए। इसके एवज में 75,09,42,956 रुपये का भार रोडवेज पर पड़ा। रोडवेज एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि परीक्षार्थियों की यात्रा के दौरान स्टेशनों पर उनके लिए सुविधाओं का भी विशेष ख्याल रखा गया। परीक्षा सकुशल हुई, इसमें परिवहन अधिकारियों की भूमिका उल्लेखनीय रही। वर्ष 2019 में हुई सिपाही और समकक्ष पदों पर भर्ती की परीक्षा में अभ्यर्थी ने अपने स्थान पर सॉल्वर बैठाया था। जांच के बाद इस बात का खुलासा हुआ है। इस पर सीओ भर्ती ने हुसैनगंज थाने में अभ्यर्थी के खिलाफ एक सितंबर को केस दर्ज कराया है। पुलिस उपाधीक्षक भर्ती अम्बरीष सिंह भदौरिया के मुताबिक, अक्तूबर 2018 में सिपाही और समकक्ष पदों की भर्ती निकाली गई थी। इसके तहत 2019 में मथुरा के महाबन बांगर स्थित केके डिग्री कॉलेज में हुई लिखित परीक्षा में शिकोहाबाद के सीरपुर का निवासी सचिन कुमार बैठा था। परीक्षा में पास होने पर अभ्यर्थी 15 जनवरी 2021 को फिजिकल टेस्ट के लिए चयनित हुआ था। यहां उसका बायोमीट्रिक मिलान किया गया तो भिन्न पाया गया। इस पर अभ्यर्थी सचिन कुमार के सभी दस्तावेज व लिखित परीक्षा के दिन लिए गए बायोमीट्रिक आदि साक्ष्यों का फोरेंसिक में मिलान कराया गया। जांच के दौरान सभी साक्ष्य भिन्न पाए गए। इस दौरान यह पता चला कि सचिन ने परीक्षा में अपने स्थान पर सॉल्वर बैठाया था, लेकिन फिजिकल टेस्ट देने खुद पहुंचा था। खेल खुलने पर सीओ भर्ती अंबरीष सिंह भदौरिया ने हुसैनगंज थाने में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर हुसैनगंज के मुताबिक, मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# मुजफ्फरनगर डिपो की बसों में 11424 अभ्यार्थियों को मिला मुफ्त सफर

## - परिचालकों ने काटे 16 लाख 71 हजार के टिकट




मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए 16 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एक तरफ जहां पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जुटे हुए थे, वहीं शासन के निर्देश पर अभ्यार्थियों के लिए मुफ्त सेवा के लिए रोडवेज विभाग ने पुरी तैयारी की थी। मुजफ्फरनगर डिपो से अन्य जिलों व राज्यों के लिए 11424 अभ्यार्थियों ने मुफ्त सफर किया गया, जिसमे विभाग की तरफ से 16 लाख 71 हजार 146 रुपए के टिकट बनाए गए हैं। जनपद में 23, 24, 25 व 30, 31 को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई थी। जनपद से सम्भल, बागपत व अन्य जिलों के लिए पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए विशेष सेवा अभ्यार्थियों को दी गयी। जनपद में हापुड, बागपत, बुलंदशहर, सम्भल, अलीगढ, गाजियाबाद, सहारनपुर, उत्तराखंड व दिल्ली से आए अभ्यार्थियों ने सफर किया। आने व जाने के लिए अभ्यार्थियों ने परिचालकों को अपने एडमिट कार्ड उपलब्ध कराए थे, क्योंकि बगैर एडमिट कार्ड के मुफ्त सेवा नहीं की जा सकती थी। मुजफ्फरनगर डिपों की बसों से 11424 अभ्यार्थियों ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए मुफ्त सफर किया था। रोडवेज बसों के परिचालकों ने 16 लाख 71 हजार 146 रुपए की मुफ्त यात्रा के लिए टिकट बनाए थे। परिवहन निगर के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि मुफ्त यात्रा के बारे में रिपोर्ट बनाकर अधिकारियों को भेज दी गयी है।

# डीएवी कॉलेज के मेधावियों ने जीते आठ स्वर्ण पदक

मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। डीएवी कॉलेज के आठ छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। कॉलेज का नाम रोशन करने वाले इन मेधावियों को 5 सितम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। डीएवी कॉलेज प्राचार्या डॉ. गरिमा जैन ने बताया कि सत्र 2023-24 के घोषित हुए परीक्षा परिणामों में इन आठ मेधावियों में बीकॉम की अवनी सिरोही, एमएससी बॉयोटैक्नोलॉजी की जीनत, एमए मनौविज्ञान की हुमायरा, बीएड की आंचल त्यागी, एमएससी वनस्पति विज्ञान की भावना राठी, एमएससी सांख्यकी की अरिबा एवं एलएलबी की छात्रा इकरा प्रवीण ने वरीयता सूची में प्रथम स्थान पाने के साथ स्वर्ण पदक को हासिल किया है। कॉलेज प्रबंध समिति ने पदक प्राप्त तमाम विजेताओं को अपनी ओर से शुभाशीष एवं मंगल कामनाएं दी हैं। प्राचार्या डॉ. गरिमा जैन एवं स्ववित्त पोषित प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने पदक विजेताओं को इस सफलता की बधाई दी। पदक पाने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय गुरूजनों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयास से ही उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई है।



# शिवसेना (उद्धव) के पश्चिम यूपी प्रभारी का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।शिवसेना उद्धव गुट में अपना विश्वास व आस्था व्यक्त करते हुऐ क्रांति सेना के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी, जिला महासचिव राजेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अवनीश चौहान ने अपने सैंकड़ों साथियों सहित मुजफ्फरनगर आए शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी एड. धर्मेन्द्र तोमर के सम्मुख एक प्रेस वार्ता के दौरान शिवसेना में प्रवेश करते हुए शिवसेना को मजबूत करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी एड. धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि शिवसेना उद्धव प्रदेश प्रमुख ठा. अनिल सिंह के आदेशानुसार मनोज सैनी को शिवसेना का (संरक्षक पश्चिम उत्तर प्रदेश), डॉ. योगेंद्र शर्मा को प्रदेश महासचिव लोकेश सैनी को शिवसेना में सहारनपुर मंडल प्रमुख, अवनीश चौहान मंडल अध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ) राजेश कश्यप मंडल महासचिव घोषित किया गया है। धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि सभी नवयुक्त पदाधिकारीगण प्रदेश प्रमुख ठॉ. अनिल सिंह से शीध्र लखनऊ पहुंच कर अपना मनोनयन पत्र प्राप्त करेंगें। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वाकई शुद्ध देसी घी सिर्फ शिवसेना ही हजम कर सकती है, फर्जी संगठन नहीं। इस अवसर पर शिवसेना नेता व संयुक्त हिंदू मोर्चा के संस्थापक मनोज सैनी, हिंदू क्रांति दल प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम पाल, शिवसेना उद्धव जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा, विश्व हिंदू पीठ जिला अध्यक्ष बसंत कश्यप, रविंद्र सैनी बीडीसी सदस्य, गौतम कुमार, आशीष शर्मा, मोनू चौधरी, प्रदीप कोरी, डॉ. सचिन कुमार, लोकेश लोढ़ा, अरुण कुमार, विनय बिंदल आदि लोग उपस्थित रहे।

# कृषि क्षेत्र के लिए करीब 14000 करोड़ रुपये की सात योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी। इन योजनाओं पर सरकार करीब 14,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इन योजनाओं में 2,817 करोड़ रुपये का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों को कैबिनेट की ओर से हरी झंडी दिए जाने की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के कार्यक्रम को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि पशुधन के स्थायी स्वास्थ्य और उनके उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावे बागवानी के सतत विकास के लिए कैबिनेट ने 860 करोड़ रुपये की एक और बड़ी योजना हरी झंडी दिखाई है। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने पर 1,202 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन से जुड़ी योजना पर 1,115 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सभी सातों योजनाओं पर कुल 13,960 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक के दौरान गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह प्रस्ताव कायन्स सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दी गई थी। प्रस्तावित इकाई 3,300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस इकाई की क्षमता प्रतिदिन 60 लाख चिप्स होगी। इस इकाई में उत्पादित चिप्स विभिन्न प्रकार क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेंगे जिनमें औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और मोबाइल फोन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए एक कार्यक्रम को 21 दिसंबर, 2021 को 76,000 करोड़ रुपये की लागत के साथ अधिसूचित किया गया था। जून, 2023 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। फरवरी, 2024 में, तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर फैब और असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित कर रही है। सीजी पावर गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित कर रही है। सेमीकंडक्टर यूनिटों का निर्माण तेजी से चल रहा है और यूनिटों के पास एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम उभर रहा है। ये यूनिट्स लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाएंगे और इनकी संचयी क्षमता लगभग 7 करोड़ चिप्स प्रतिदिन होगी।

सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रारम्भ
कोड (S-2073)
प्रवेश से वंचित महिला/पुरुष निराश न हों
घर बैठे कम शुल्क में सभी इण्टरमीडिएट छात्र-छात्राएं (महिला-पुरुष) कार्यरत, कारोबारी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक शिक्षार्थी मुक्त दूरस्थ शिक्षा (Open and Distance Learning) OLD पद्धति पर आधारित सभी विषयों में स्नातक, परास्नातक, डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्सो में प्रवेश प्राप्त कर उच्च शिक्षा ग्रहण करें।
बी.ए. (सभी विषयों में) बी.कॉम, बी.बी.ए., एम.ए. (सभी विषयों में) एम.कॉम., डिप्लोमा कोर्स (फैशन डिजाइनिंग, टैक्सटाईल्स डिजाइनिंग), डिग्री कोर्स (योगा, पत्रकारिता, जी.एस.टी.) के अतिरिक्त अन्य अनेकों पाठ्यक्रमों हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क करें।
निवेदक ब्रह्मप्रकाश गर्ग (अध्यक्ष) विनोद कुमार सिंहल (प्रबन्धक) डॉ. सारिका शर्मा (केन्द्र समन्वयक)
महाराजा अग्रसैन कन्या (पी0जी0) महाविद्यालय, चरथावल, मुजफ्फरनगर
(उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज से मान्यता प्राप्त)
M: 9927762052, 9837858279, 9634858181

# 69000 शिक्षक भर्ती- डिप्टी सीएम केशव के आवास का घेराव करने जा रहे थे अभ्यर्थी, उपमुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)। 69000 शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी हाईकोर्ट लखनऊ की डबल बेंच के आदेश का पालन करने मांग कर रहे थे। यहां उनकी पुलिस से तीखी झड़प भी हुई। हालांकि बाद में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। अभ्यर्थियों ने कहा हाईकोर्ट का जो फैसला आया है, सरकार उसे जल्द से जल्द लागू करें। आरक्षित वर्ग अभ्यर्थियों को न्याय देते हुए उनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें। उससे पहले दागी अधिकारियों को तत्काल हटाकर नए अधिकारी नियुक्त करें। ताकि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रूप से पूरा किया जा सके। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल व विजय यादव ने कहा कि 2018 में भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। काफी अभ्यर्थी तब से अब तक लड़ाई लड़ रहे हैं। जब 2024 को उनको न्याय पाने का अवसर आया तो सरकार इस प्रकरण में हीला-हवाली कर रही है। जल्द से जल्द विभाग एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब तक करेंगे। अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। पुलिस के द्वारा जबर्दस्ती अभ्यर्थियों को उठाकर बस में भरकर ईको गार्डेन पहुंचाया। वहीं एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य से वार्ता की। धरना-प्रदर्शन के दौरान आजमगढ़ निवासी मोहम्मद इरशाद को सीने में तेज दर्द होने लगा। उनको सिविल अस्पताल इमरजेंसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति में सुधार न होता देख परिजन व साथी इरशाद को गोमती नगर स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि इरशाद को हार्ट अटैक पड़ा है। अस्पताल में इलाज चल रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने एक्स पर अभ्यर्थियों का ज्ञापन लेते हुए फोटो साझा करते हुए लिखा आज अपनी नियुक्ति के लिए प्रतीक्षारत उन दलित-पिछड़ा वर्ग के शिक्षकों से मिला जो हाईकोर्ट के फैसले से अपना न्यायपूर्ण हक पाने के बाद अपनी नियुक्ति के लिए बेसब्री से इंतजार में हैं। उनका ज्ञापन लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के निर्देश दिए।



# सुरक्षा कारणों से होम्योपैथिक ड्राफ्स का निःशुल्क वितरण




मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)। भारतीय वैश्य संगम के आयुष प्रकल्प की ओर से नगर के जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बच्चों की सुरक्षा की खातिर डेंगू, मलेरिया, स्वाईन फ्लू एवं चिकनगुनिया आदि रोगों से बचाव की खातिर होम्योपैथिक ड्राफ्स का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में इस दौरान भारतीय वैश्य संगम के उपाध्यक्ष नरेश गुप्ता व कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बच्चों को इसका वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के कुल 2314 पात्रों को इस होम्योपैथिक दवाई का वितरण किया गया।

## 'हिंदुओं-अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बेहद संवेदनशील मुद्दा', आरएसएस ने कहा- बांग्लादेश से बात करे भारत सरकार

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के साथ हुए अत्याचार को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चिंता जताई है। केरल में हुए आरएसएस के तीन दिवसीय समन्वय सम्मेलन के दौरान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार से बात करनी चाहिए। यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा कि समन्वय बैठक के दौरान विभिन्न संगठनों ने बांग्लादेश की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की है। आंबेकर ने कहा कि हर कोई बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के बारे में चिंतित है। हमने केंद्र सरकार से बांग्लादेश सरकार के साथ मिलकर हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पहल करने का आग्रह किया है। जातिगत जनगणना को लेकर सुनील आंबेकर ने कहा कि हमारे देश और समाज में जाति और जातिगत संबंध संवेदनशील मुद्दा है। यह राष्ट्र की अखंडता और एकता के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए इसे गंभीरता से निपटाया जाना चाहिए और इस पर चुनाव और राजनीति नहीं होनी चाहिए। पिछड़े हुए और विशेष ध्यान देने की जरूरत वाले समुदाय और जाति के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने की जरूरत होती है तो सरकार को संख्या की आवश्यकता होती है। सरकार जातिगत जनगणना से आंकड़े ले सकती है। आंबेकर ने कहा कि पहले भी सरकार ने ऐसा किया है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन संख्याओं का उपयोग केवल जातियों और समुदायों के कल्याण के लिए ही किया जाना चाहिए। इसे चुनाव के लिए राजनीतिक उपकरण न बनाया जाए। इसके लिए हमने चेतावनी रेखा भी जारी की है। कई संगठनों और रिपोर्ट में मिशनरियों पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया है।

# नगर पंचायत भोकरहेड़ी की गलियों में भरा गंदा पानी



भोपा, 02 सितम्बर (बु.)। पानी की निकासी के लिए समुचित व्यवस्था न होने के कारण कस्बे के रास्तों में जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है। आम रास्तों पर पानी भरा होने से कस्बेवासियों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को कस्बेवासियों ने प्रदर्शन करते हुए पानी की निकासी व रास्ते बनवाने की मांग की है। जनपद मुजफ्फरनगर की नगर पंचायत भोकरहेड़ी के मौहल्ला पठानान (गोटकी) व दलित बस्ती में रास्ते न बनने के कारण उनमें जल भराव की समस्या आ गई है। जल भराव के कारण बस्ती में रहने वाले लोगों का रहना दुभर हो गया है। वही गंदे पानी में मच्छर पैदा हो रहे हैं, जिनके कारण बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। कस्बे के अंकुर गंगवालिया, चांद खान, इरफान, फरमान, नसीम, बबला, दिलासद, शाहजाद, भूरा, हबीब वीर सिंह, संदीप ,पंकज, नरेश, सुरेंद्र, छोटा, उदल, जगवती, बलजोरा, धन सिंह, ऋषिपाल, ओमवीर, गौरव, रामफल, आत्माराम, चंद्रपाल, भंवर सिंह, देवी राम, राजाराम, सुभाष, मनोज, चमन आदि ने बताया कि उनके रास्ते करीब 5 वर्ष पहले नगरपंचायत द्वारा बनवाए गए थे। रास्ते नहीं बनने के कारण उनके रास्ते बहुत ही नीचे हो गए हैं तथा पानी निकलने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जिस कारण घरों का पानी रास्तों में भरा हुआ है। कुछ रास्ते अधिक खराब होने के कारण कस्बा वासियों द्वारा प्लास्टिक के बोरी में मिट्टी भरकर खुद रास्ता बनाया हुआ है। कस्बेवासियों का आरोप है कि दलित बस्ती होने के कारण नगर पंचायत द्वारा रास्तों को नहीं बनवाया जा रहा है, जिस कारण रास्तों में पानी भरा रहता है तथा स्कूली बच्चों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं कस्बा वासियों ने सुबह सवेरे प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से रास्ता बनवाने की मांग की है।

वहीं दूसरी तरफ अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि गोटकी वाले रास्तों पर भरा पानी मनका वाले तालाब में पहुंचने के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें कुछ किसान समस्या पैदा कर रहे हैं। बुधवार को पुलिस फोर्स को साथ ले जाकर कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे कस्बेवासियों को गन्दे पानी से निजात मिल सके। कस्बे के खराब रास्तों का सर्वे कराया जाएगा, जो रास्ते खराब हैं, उन्हें दोबारा बनवाया जाएगा।

# कोरोना काल याद रखकर ही बचा लें पर्यावरण : अंकुर दुआ









## नचिकेता स्कूल में बुलेटिन संपादक ने किया वृक्षारोपण

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** भारत विकास परिषद अमेटी संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत षष्ठम सेवा कार्य के बीच सोमवार को नचिकेता पब्लिक स्कूल एनएच-58 बाईपास रोड पर संपन्न किया गया। कार्यक्रम में पेड़ पौधों को मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट। सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाए अब मिलकर हम। के पवित्र संकल्प के बीच अमेटी परिषद द्वारा नीम, आम, बेल, चीकू, कटहल एवं अन्य कई प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ, निष्काम गर्ग, अचिन कंसल विवेक शाखा के प्रांतीय प्रभारी के साथ स्कूल प्रबंधक सुशील जैन, योगेश जैन, शुभम जैन, आराध्य जैन, अंकुर जैन, अनुराग सिंघल, स्कूल की प्रधानाचार्या जसवीर कौर, विक्की जैन का सानिध्य प्राप्त हुआ। परिषद अध्यक्ष शलभ गर्ग ने बताया कि इस वर्ष हमारा उद्देश्य एक परिवार एक पेड़ है। अमेटी परिषद ने इस वर्ष कम से कम 40 वृक्ष लगाने का लक्ष्य लिया है। इसी श्रृंखला में 15 वृक्ष रोपित किये हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अमेटी शाखा परिवार की इस ऊर्जावान टीम की प्रशंसा करते हुए इस सेवा कार्य को करने के लिए प्रोत्साहित किया। अतिथियों एवं अभिभावकों ने आयोजन के लिए अमेटी परिवार को बधाई दी। सेवा कार्य में विद्यालय स्टाफ के साथ संस्कृति सप्ताह चेयरमैन नितिन गोयल, अमित तायल, पंकज गर्ग, अंशुल गोयल, शलभ गर्ग, अनुज गर्ग, अंशुल जैन, सचिन सिंघल, निकुंज गर्ग, अंकुल अग्रवाल, नितिन गुप्ता, नवनीत मित्तल, सम्वित जैन, विभोर गुप्ता एवं मातृशक्ति शिल्पा गर्ग, चित्रा गोयल, आकांक्षा गर्ग, शिप्रा गोयल, भावना गुप्ता, युक्ति जैन, प्रीति गर्ग, प्रिया अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**मुजफ्फरनगर, 02 सितम्बर (बु.)।** हाल ही में नगर में एनएच-58 पर हाल ही में संचालित हुए नैतिकता के पैमाने पर खरे उतरने वाले नचिकेता स्कूल में भारत विकास परिषद अमेटी की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, निष्काम गर्ग व अचिन कंसल संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व अभिभावकों से पर्यावरण पर अपने विचार रखते साझा करते हुए सभी ने एक स्वर में पर्यावरण बचाने की मुहिम को चलाया। उक्त मुहिम में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि वैसे तो हम लोग एक हिन्दी फिल्म गजनी के उस कलाकार की तरह हैं, जो पिछले दो मिनट की बात भी कब भूल जाए, यह पता नहीं। आज जो लोग वृक्षारोपण एवं पौधारोपण पर ध्यान नहीं दे रहे वे आज ही से चार साल पहले के कारोना काल को यदि दोबारा याद कर लेंगे तो अपने आप याद आ जाएगा कि हमने पौधों से ली जाने वाली ऑक्सीजन भी लाखों के दामों में खरीदी थी। इसी के साथ साथ कोरोना काल में जब महीनों हमने पेट्रोल और डीजल वाहन नहीं चलाए तो हमारे ही नगर से शिवालिक की पहाड़ियां तक दिखाई देने लगी थी। आने वाले समय में पर्यावरण ही नहीं अन्य कई प्रकार के माहौल भी दूषित हो जाने का आभास बुलेटिन सम्पादक द्वारा जताया गया। आने वाली पीढी सिर्फ भोग विलास का जीवन न जिये बल्कि उन्हें समाज सेवा का भी रास्ता हम लोग अपनी तरह दिखाकर जाएं, जिससे उन्हें हमेशा अपने देश की कीमत का एहसास हो। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वार्थ में ही डूबे रहे और सिर्फ भौतिक वस्तुओं की ओर दौड़ते रहे तो जल्द ही देश गुलामी की ओर भी जा सकता है। ऐसे में ऐशो आराम से ज्यादा हम यदि अपने संस्कारों और देश के प्रति अपने सार्थक विचारों को अपने बच्चों को देने में कामयाब होते हैं, तभी सभी प्रकार का माहौल दूषित होने से बच सकता है।

## स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्रवाई, 26 चिकित्सकों की बर्खास्तगी के निर्देश जारी

**लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** ड्यूटी के प्रति लापरवाह रहने और गैर हाजिर होने के कारण स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को इन सभी डॉक्टरों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। वहीं, तीन चिकित्सकों की दो साल के लिए दो-दो वेतन वृद्धियां रोकीं गई गई हैं और एक को परनिंदा प्रविष्टि दी गई है। जिन डॉक्टरों पर गाज गिरी है उनमें जालौन, बरेली, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, ललितपुर और बलिया के चिकित्सक शामिल हैं। इस सूची में बस्ती, रायबरेली, मथुरा, फिरोजाबाद, बहराइच, सहारनपुर और शाहजहांपुर के भी डॉक्टर शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को उच्च श्रेणी की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मामले में स्वास्थ्य महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात डॉ. नीना वर्मा से स्पष्टीकरण मांगा है।

## अवैध शस्त्र समेत शातिर गिरफ्तार

**खतौली, 2 सितंबर (बु.)।** पुलिस ने अवैध शस्त्र सहित शातिर गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना खतौली पुलिस द्वारा एक शातिर गैंगस्टर अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला बालाजीपुरम शाकुम्भरी ढाबे के पास गंगनहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम दानिश पुत्र नूर मौहम्द उर्फ नूरा निवासी मौहल्ला जैननगर ट्रान्सफार्मर के पास कस्बा व थाना खतौली बताया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

## दिल्ली से चोरी क्रेटा कार समेत एक शातिर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** शहर कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की क्रेटा कार बरामद करने का दावा किया है। कार दिल्ली से चोरी बताई गई है। पुलिस के अनुसार नगर में चैकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी एक क्रेटा कार बरामद की गयी है। पुलिस को सूचना मिली की एक शातिर वाहन चोर चोरी की गाड़ी के साथ चरथावल रोड से मुजफ्फरनगर की तरफ आने वाला है। सूचना पर थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा चैकिंग के दौरान मुजफ्फरनगर चरथावल रोड पर न्याजूपुरा पुल के पास से एक शातिर वाहन चोर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई चोरी की एक ह्युन्डई क्रेटा कार बरामद की गयी। पुलिस के अनुसार उक्त कार दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम परवेज उर्फ टेप पुत्र जहूर निवासी सैक्टर 13 शास्त्री नगर नौचन्दी मेरठ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भेड़िए का आतंक : सीएम योगी ने शीर्ष अधिकारियों के साथ की आपात बैठक

**लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनीटरिंग करने एवं घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिये ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम योगी के निर्देश के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर कई जिलाधिकारी सक्रिय हो गये और आनन-फानन में टीम बनाकर कॉम्बिंग एवं गांव-गांव में जाकर जन जागरुकता फैलाने के निर्देश दिये।

## सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका



**नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि मामले की कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने 2019 में भाजपा दिल्ली के नेता राजीव बब्बर द्वारा शुरू किए गए चल रहे मानहानि मामले को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। राजीव बब्बर ने केजरीवाल और अन्य आप नेताओं पर भाजपा को बदनाम करने का आरोप लगाया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी दिल्ली की मतदाता सूची से 30 लाख नाम हटाने के लिए जिम्मेदार है, जिससे मुख्य रूप से 'बनिया', मुस्लिम और अन्य समुदाय प्रभावित हुए हैं।

## स्कूल से घर लौट रही छात्रा के सिर में डंडा मारकर किया घायल, आरोपी फरार

**भोपा, 02 सितम्बर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी व्यक्ति अमेश ने थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीया बेटी खुशी कक्षा 12वीं और छोटी बेटी स्वाति 15 वर्षीया कक्षा 10वीं की जनता इंटर कालेज की छात्रा है। सोमवार को प्रतिदिन की तरह लगभग 2:00 बजे के करीब वह साइकिल पर सवार होकर अपने गांव करहेड़ा जा रही थी। जैसे ही वह किशनपुर से आगे गांव के रास्ते के मोड़ पर पहुंची, तो पीछे से मॉस्क लगाए एक अज्ञात व्यक्ति ने डंडे से स्वाति के सिर पर वार कर घायल कर दिया। थोड़ी दूरी पर आगे चल रही उसकी बहन खुशी शोर सुनकर रूक गई और बहन के बचाव में आई, तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। छात्राओं के शोर मचाने पर पास में खेतों में काम कर रहे मजदूर, किसान मौके पर पहुंचे, तो आरोपी उन्हें देखकर खेतों में जा घुसा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, तो पुलिस व ग्रामीणों ने आसपास के खेतों में आरोपी की तलाश में कांबिंग की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लग सका था। भोपा सीओ डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल छात्राओं का सीएचसी में उपचार कराया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि छात्राओं पर वार करने वाला आरोपी शायद सिरफिरा है। इस तरह के व्यक्ति ने किशनपुर में ही खेत में एक मजदूर इलियास किशनपुर के साथ डंडे से मारपीट की है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है

# प्रीति पाल ने दूसरा कांस्य जीतकर बढ़ाया जिले का गौरव

## सौ मीटर के बाद दो सौ मीटर में भी प्रीति को मिली विजय



**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** जिले के मीरांपुर क्षेत्र के हाशिमपुरा निवासी प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक में दूसरा कांस्य पदक जीत कर तहलका मचा दिया। प्रीति पैरालंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई हैं। उसकी इस शानदार सफलता का जिले के खेल प्रेमियों ने ही नहीं अन्य लोगों ने भी स्वागत किया है।

पेरिस में चल रहे पैरालंपिक में सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक के बाद प्रीति पाल ने 30.01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। पेरिस पैरालंपिक में उनका यह दूसरा पदक है। प्रीति का कांस्य पेरिस में भारत का दूसरा पैरा एथलेटिक्स पदक भी है। ट्रैक पर दौड़ लगाते हुए प्रीति पाल ने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 30.01 सेकेंड में दौड़ पूरी की और पोडियम पर स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर टी35 वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। टी35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनमें हाइपरटोनिया, अटैक्सिया और एथेटोसिस जैसी समन्वय संबंधी विकार होते हैं।

भारत ने 1984 चरण से एथलेटिक्स में जो भी पदक जीते हैं, वे सभी फील्ड स्पर्धा में मिले। मुजफ्फरनगर के मीरांपुर इलाके के हाशिमपुरा की निवासी किसान की बेटी प्रीति ने पैरालंपिक के दूसरे दिन भारत का एथलेटिक्स पदक का खाता खोला था और अब उन्होंने एक बार फिर कांस्य अपने नाम किया। प्रीति मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद पेरिस आई थीं। पैरालंपिक के 1984 चरण के बाद से भारत ने जो भी एथलेटिक्स पदक जीते थे वो सभी फील्ड स्पर्धा से आए थे। प्रीति का जन्म 22 सितंबर, 2000 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक किसान परिवार में हुआ। उनके पिता दूध की डेयरी चलाते हैं। जन्म के कुछ ही दिनों बाद उनके शरीर के निचले हिस्से पर प्लास्टर चढ़ा दिया गया। पैरों में कमजोरी के कारण उन्हें कई तरह की बीमारियों का खतरा था। प्रीति के पिता ने उनके पैरों को मजबूत बनाने के लिए कई तरह के पारंपरिक उपचार करवाए। हालांकि, सफलता नहीं मिली। हालांकि बहसूमा में प्राथमिक शिक्षा के बाद प्रीति ने एथलेटिक्स को अपना लक्ष्य बनाया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिले के तमाम लोग उसकी इस सफलता पर गर्वित महसूस कर रहे हैं।

# पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए जागी योगी सरकार, डीजीपी मुख्यालय से जारी किया गया पत्रकार हित में शासनादेश





**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा के विषय में अब योगी सरकार गंभीर होती दिख रही है। आज पत्रकारों के बीच उस समय खासी चर्चा इस बात की होती दिखी जब पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एलआर कुमार द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें पत्रकारों के हितों की लगभग सभी बातें सुरक्षा से लेकर सम्मान तक रखी गयी। पत्र जारी करते हुए अलग-अलग कॉलम में पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक सक्षम अधिकारी प्रथम से नामित है अथवा नहीं इसका संदर्भ भी लिया गया। इसके साथ-साथ पत्रकारों के जीवन भय के दृष्टिगत समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनसे शिष्टाचार पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है अथवा नहीं इस पर भी सवाल किया गया। इसके अलावा पत्रकारों व उनके परिवारजनों के विरुद्ध जल्दबाजी अथवा किसी के भी कह देने पर मिथ्या तहरीर के आधार पर कोई अभियोग पंजीकृत तो नहीं कराया जा रहा, यह भी सवाल इस पत्र में किया गया। उक्त सभी निर्देशों के मुताबिक जल्द ही उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में उक्त मामले की जांच की जाएगी कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप उक्त सभी कार्य कितनी ईमानदारी के साथ किये गए हैं। आपको बता दें कि हाल ही में मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा भी इसी सम्बंध में एक पत्र सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया गया था, जिसमें अधिकारियों द्वारा मुजफ्फरनगर जिले में पत्रकारों से किसी भी प्रकार का सामंजस्य न रखने की बात भी रखी गयी थी। इसके साथ साथ जिन पत्रकारों के पास अपना आवास, आयुष्मान कार्ड अथवा पत्रकारों के वाहन टॉल पर फ्री वाहन ले जाने की सुविधा दी जाने की चर्चा भी की गयी थी। हालांकि उक्त पत्र में आवास, आयुष्मान कार्ड व टोल फ्री वाहन की कोई चर्चा नहीं है, चूंकि अभी योगी सरकार द्वारा कानून व्यवस्था से जुड़ा पत्र ही जारी किया गया है। सम्भावना है कि बाकी के सभी मुद्दे भी योगी सरकार जल्द ही संज्ञान में लाते हुए अलग अलग विभागों से कुछ ऐसे पत्र पत्रकार हितों में अवश्य जारी किये जा सकते हैं। जनपद मुजफ्फरनगर सहित उत्तर प्रदेश के पत्रकारों ने योगी सरकार की इस पहल का स्वागत करने के साथ साथ भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों का हाल ऐसा ही था कि अधिकारी वरिष्ठ पत्रकारों से सामंजस्य बैठाने के बजाये ऐसे पत्रकारों को तरजीह देता रहा है जो सिर्फ उनके इर्द-गिर्द मंडराने का काम करते हैं और न ही मुजफ्फरनगर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों को बैठाकर पिछले तीन वर्षों में किसी भी सामाजिक मुद्दे पर किसी अधिकारी द्वारा कोई चर्चा तक नहीं की गयी।

## बुलेटिन ने स्थायी समिति की तीन वर्षो से बैठक न होने की भी की थी चर्चा

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक द्वारा मुख्यमंत्री को दिये गए मांगपत्र में इस बात को भी स्पष्ट रूप से रखा गया था कि मुजफ्फरनगर प्रशासन का पत्रकारों से किसी भी प्रकार का कोई सामंजस्य नहीं है। पिछले तीन सालों से स्वयं शासन द्वारा बनाई गयी मान्यता प्राप्त पत्रकार स्थायी समिति कौन सी फाइलों की नीचे धूल फाक रही है, इसका किसी को नहीं पता, क्योंकि पिछले तीन वर्षों में उक्त स्थायी समिति की कोई बैठक किसी अधिकारी द्वारा नहीं की गयी, यहां तक कि अनौपचारिक रूप से भी किसी अधिकारी ने किसी मान्यता प्राप्त, गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार से इस विषय पर चर्चा तक नहीं की। अब देखना यह होगा कि इस क्रम में अब जनपद के वरिष्ठ अधिकारी कितनी जल्द उक्त समिति को पुनः गठित कर मान्यता प्राप्त पत्रकारों से बैठकर इस पर चर्चा करते हैं।

# छपार टोल पर लगा 1 किमी लंबा जाम



**छपार, 02 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर छपार टोल प्लाजा पर घंटों जाम की स्थिति रहने से यात्री बिलबिला गए। टोल प्रबंधन की लापरवाही से प्रतिदिन शनिवार व रविवार में टोल पर जाम की स्थिति से लोग बेहद त्रस्त हो रहे हैं। सोमवार में भी दोपहर में टोल पर जाम की स्थिति घंटों तक बनी रही। एक किमी. लंबी लाइन में लगे वाहनों में सवार लोग बिल-बिला गए। टोल पर प्रबंधन की लापरवाही से कई लाइन बंद रखी जाती है, जिसके कारण जाम की स्थिति पैदा होती है। लेकिन टोल प्रबंधन की लापरवाही को देखने की अफसर भी फुर्सत नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे यात्रियों के साथ ही ऐंबुलेंस आदि वाहनों को भी काफी देर इंतजार करना पड़ता है। टोल के मैनेजर का कहना था कि स्टाफ की कमी से टोल पर कुछ लाइन बंद होने से जाम की स्थिति बनी रही। पहले भी कई बार क्षेत्र के लोग छपार टोल की व्यवस्था को लेकर धरना-प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करा चुके है। लेकिन शायद प्रशासनिक अफसर इस और से गंभीर नही हो रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन के सामने अवैध कब्जे हटवाने की मांग

## निष्क्रांत संपत्ति घोषित होने के बाद अवैध कब्जे ना हटाने पर नाराजगी



**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन रेलवे स्टेशन के सामने खसरा नंबर 930 को लेकर प्रशासन द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट में निष्क्रांत संपत्ति घोषित किए जाने के बाद उक्त भूमि पर किए गए अवैध निर्माण व अवैध कब्जों को हटवाकर उक्त भूमि को सरकार के कब्जे में लेने तथा षड्यंत्र पूर्वक उक्त भूमि पर मालिकाना हक पाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उनसे किराया वसूलकर सरकारी खजाने में जमा कराने की मांग की है। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने आज इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसमें मांग की गई है कि जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी ने जांच उपरांत खसरा नंबर 930 को निष्क्रांत संपत्ति ( सरकारी संपत्ति)घोषित किया है। ऐसे में खसरा नंबर 930 पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा कर सरकारी संपत्ति को कब्जे में लिया जाना चाहिए। उक्त सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जादारों को भू माफिया घोषित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। कब्जादारों से अब तक का किराया वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया जाए। उक्त सरकारी संपत्ति पर षड्यंत्र के तहत कब्जा कर स्टेट बैंक आफ इंडिया में खाता खुलवाकर निर्माण के नाम पर जो फंडिंग ली गई है, वह खाते सीज कर जांच कराई जाए और खातेदारों से पैसा वसूल कर सरकारी खजाने में जमा कराया जाए । षड्यंत्र के तहत उक्त सरकारी संपत्ति कब्जाने वालों की संपत्ति की जांच कराई जाए। जिन लोगों ने षड्यंत्र के तहत उक्त भूमि कब्जाई और नगर पालिका परिषद में दर्ज कराकर मालिकाना हक प्राप्त किया गया उन पर मुकदमा दर्ज करवाई की जाए। उक्त भूमि के खाली पड़े हिस्से को बिना देर किए सरकारी कब्जे में लिया जाना चाहिए। उक्त संपत्ति पर षड्यंत्र के तहत मस्जिद व मदरसा नुमा ढांचा बनाकर शासन प्रशासन एवं जनता को भ्रमित कर जो नव निर्माण किया गया है, उसे तत्काल ध्वस्त कराकर सरकार को पूरी संपत्ति पर तुरंत कब्जा लिया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से संजय अरोड़ा, सरिता शर्मा अरोड़ा, प्रवीण जैन, सोनू महेश्वरी, संजीव मलिक, संजय गोस्वामी, सुनील वर्मा, अमित मित्तल, श्याम वर्मा, प्रमोद वर्मा, राजू पाल, अंकित पाल, साहिल अरोरा, राजकुमार गर्ग, प्रदीप कुमार, संजीव शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, नवीन त्यागी, संदीप कौशिक, सुंदर सैनी और सरदार जागन सिंह आदि उपस्थित थे।

## कोर्ट में दर्ज नहीं हो सके छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली पीड़िता के बयान

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** भोपा रोड स्थित नर्सिंग होम के चिकित्सक पर छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को कोर्ट में पीड़िता के बयान दर्ज नहीं कराए जा सके। हालत में सुधार ना होने के कारण उसने कोर्ट में आने से असमर्थता जताई। नर्सिंग होम में भर्ती नाबालिक के साथ छेड़छाड़ का मामला थाने पर पोक्सो एक्ट में दर्ज किया गया था। इससे पहले पीड़िता के परिवार की तरफ से 16 अगस्त को भी थाने पर तहरीर देते हुए ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप डॉक्टर पर लगाया था। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी नाबालिग को 17 जुलाई को उक्त नर्सिंग होम में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के बाद पीड़िता को कमरे में शिफ्ट कर दिया गया था। आरोप था कि डॉक्टर विकास पंवार ने कमरे में पहुंचकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की थी। पीड़िता की मां ने 28 अगस्त को थाने पर बेटी से छेड़छाड़ की तहरीर दी थी। इस मामले में पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस इस मामले में पीड़िता के बयान दर्ज कर चुकी है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाना था, लेकिन उसका स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण उसके बयान दर्ज नहीं कराए जा सके।

# चंडीगढ़ में किसानों की महापंचायतः मटका चौक पर धरना देकर बैठे किसान, राकेश टिकैत भी पहुंचे



**चंडीगढ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड में पक्का लगाकर बैठे किसानों ने सोमवार को महापंचायत का आयोजन किया। सेक्टर 34 गुरुद्वारा के सामने किसानों ने महापंचायत में भारी भीड़ है। मेला ग्राउंड से किसानों द्वारा पंजाब विधानसभा की ओर कूच कर दिया। एक हजार से अधिक की संख्या में किसान पैदल ही विधानसभा की ओर चल दिए। किसान नेताओं से मौके पर बात करने के लिए पहुंची चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवलदीप कौर व पुलिस मुख्यालय एसपी केतन बंसल। किसानों के साथ-साथ काफी संख्या में पुलिस बल भी रहा। किसान आंदोलन के चलते चंडीगढ़ पुलिस के अलावा आंदोलन में पंजाब पुलिस के भी करीब 1500 जवानों को तैनात किया गया है। किसानों को मटका चौंक पर रोक दिया गया है। पुलिस अधिकारी किसानों को समझा रहे हैं। राकेश टिकैत भी महापंचायत में पहुंचे हैं। किसान मटका चौक पर ही धरना देकर बैठ गए हैं। इस दौरान किसान परिवारों की महिलाएं अपने दिवंगत बच्चों और परिजनों की फोटो लेकर पहुंचीं। पुलिस प्रशासन ने किसानों को केवल चार दिन के मोर्चे की अनुमति दी है लेकिन वे पूरी तैयारी के साथ तीन महीने का राशन-पानी लेकर आए हैं। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के साथ आम जनता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। किसानों का कहना है कि अब तो उनका पक्का मोर्चा इस ग्राउंड से तभी उठेगा जब पंजाब सरकार उनकी सारी मांगें मान लेगी। अगर किसानों को पंजाब सरकार की ओर से उनकी मांगों को लेकर बातचीत के लिए बुलाया जाता है तो इसके लिए भी केवल 5-7 किसानों का शिष्टमंडल ही सरकार के साथ बातचीत के लिए जा सकेगा और उसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। किसान नेताओं ने कहा कि पहले चंडीगढ़ पंजाब का ही हिस्सा था और यहां से हजारों किसानों को उजाड़कर इस शहर को बसाया गया था लेकिन आज जब किसानों ने चंडीगढ़ में अपनी ही जमीन पर धरना देने के लिए पंजाब सीएम आवास के पास या फिर सेक्टर-17 में जगह मांगी तो चंडीगढ़ प्रशासन ने जगह देने से इंकार कर दिया। प्रशासन ने कहा कि अगर पक्का मोर्चा लगाना है तो चंडीगढ़ के बजाय मोहाली शहर में लगाएं लेकिन किसान अपनी बात पर अड़े रहे और उन्हें अब सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड में जगह दी गई है, जो किसानों की पहली जीत है।

## सनातन धर्म की रक्षा हमें स्वयं करनी है : यशवीर महाराज




**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** खतौली में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हमें स्वयं करनी है। सरकार के भरोसे सब कार्य नहीं छोड़ने चाहिएं। उन्होंने कहा कि भारत देश केवल सनातन धर्म का है। यहां सनातन को गाली देने वालों या तरह तरह से सनातन को निशाना बनाने वालों का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने लैंड जेहाद, थूक जेहाद तथा लव जेहाद के प्रति सतर्क रहने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्दू वीर वीरागनाओं की उपस्थिति रही।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**खतौली, 2 सितम्बर (बु.)।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उससे पन्द्रह हजार रुपये की नकदी सहित एक चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ राम आशीष यादव व कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त हाशिम पुत्र हकीम निवासी मौहल्ला सराय ब्रह्मलीन कोतवाली मेरठ नगर को गिरफ्तार कर अभियुक्त से 15 हजार रुपये की नकदी सहित एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया है। सीओ उमेश रोरिया ने बताया कि गत 20 मार्च को कोतवाली क्षेत्र के गांव पमनावली निवासी मिथलेश पत्नी भोपाल सिंह से दो अज्ञात बदमाशों द्वारा धोखाधड़ी कर 25600 रुपयों सहित महिला के सोने के एक जोड़ी कुण्डल की ठगी की। पीड़ित महिला की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए घटना के अनावरण को लेकर पुलिस टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार हाशिम के विरुद्ध विभिन्न थानों में अभियोग दर्ज हैं।

## खुब्बापुर थप्पड़ कांड के मामले में सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए बीएसए प्रतिनिधि

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** खुब्बापुर के चर्चित थप्पड़ कांड को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से पहुंचे बीएसए के प्रतिनिधि ने कोर्ट को छात्र की फीस जमा होने की जानकारी के साथ एनजीओ के दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस मामले में अब 20 सितंबर को सुनवाई होगी। ज्ञात रहे कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर स्थित नेहा पब्लिक में प्रधानाचार्या तृप्ता त्यागी द्वारा कक्षा एक के छात्र को कक्षा के अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवाने के मामले का वीडियो वायरल होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। महात्मा गांधी के पोते ने इसे लेकर याचिका दायर की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीड़ित छात्र की काउंसलिंग के बाद बेसिक शिक्षा विभाग को उसका दाखिला कराने के आदेश दिए गए थे। बच्चे को नगर के मेरठ रोड स्थित शारदेन स्कूल में दाखिल कराया गया था। इस बीच छात्र की फीस को लेकर आ रही समस्या को खत्म करते एनजीओ सैय्यद सईद मुर्तजा मेमोरियल ट्रस्ट ने छात्र को गोद लेकर उसकी छह माह की फीस लगभग 28 हजार 700 रुपये जमा किए। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान बीएसए के प्रतिनिधि पहुंचे और कोर्ट को बताया कि छात्र की शिक्षा नियमित रूप से चल रही है और एक एनजीओ ने उसकी फीस जमा करा दी है। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए बीस सितंबर की तिथि निर्धारित की है।

# बादलों व हवाओं से मिली राहत

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** आज बादलों और हल्की ठंडी हवाओं के चलते तापमान में मामूली गिरावट आई। इसके चलते अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम 25.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने इस सप्ताह बारिश लौटने का अनुमान लगाया है। विगत कई दिनों से कड़क धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। इसमें आज बादलों की अधिकता और हल्की हवाओं के कारण थोड़ी राहत मिलने से दिन के तापमान में भी गिरावट आई। एक सप्ताह तक पूरे दिल्ली/एनसीआर में मानसून की गतिविधि धीमी रही। कुछ इलाकों में थोड़े समय के लिए हल्की और रुक-रुक कर बारिश देखी गई। स्काईमेट के अनुसार मौसमी ट्रफ जो अपनी सामान्य स्थिति के दक्षिण की ओर स्थित थी, अब यह मौसमी ट्रफ मानसून का सिस्टम कमजोर, नई स्थिति बन रही है। दिल्ली में बारिश का मुख्य कारक मानसून ट्रफ है। पिछले सप्ताह इस बदलती रहने वाली विशेषता के कारण अच्छी बारिश हुई थी। अब पश्चिमी विक्षोभ और निम्न दबाव क्षेत्र के संयुक्त प्रभाव के कारण मानसून ट्रफ दिल्ली/एनसीआर के करीब आ जाएगा। इसके अलावा, चक्रवाती परिसंचरण अगले 3-4 दिनों में थोड़ा उत्तर की ओर पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्व राजस्थान में शिफ्ट हो जाएगा। ऐसी स्थिति में दिल्ली में पूरे सप्ताह छिटपुट बारिश होगी। दिल्ली एनसीआर में 2 से 5 सितंबर के बीच मध्यम बारिश की उम्मीद है। इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान मानसूनी बारिश की तीव्रता और प्रसार कम हो जाएगा। आगामी सप्ताहांत बादल घिरा हुआ, मध्यम हवा और छिटपुट बारिश के साथ काफी आरामदायक रहेगा। वहीं, अगले सप्ताह बारिश में काफी कमी आएगी।

## सूदखोरों के दबाव में दंपती ने बेटी संग खाया जहर; तीनों की मौत

**हापुड़, 2 सितंबर (एजेंसी)।** कपूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सपनावत में कर्ज में डूबे मजदूर संजय कुमार उर्फ टीटू (50) ने पत्नी प्रेमवती (45) व नाबालिग बेटी संग शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। संजय की कुछ ही घंटों में मौत हो गई, जबकि पत्नी व बेटी ने उपचार के दौरान रविवार को दम तोड़ दिया। परिवार में एक साथ तीन मौत से कोहराम मचा है। संजय कुमार उर्फ टीटू गांव में ही एक नर्सरी में पौधे उगाने का कार्य करते थे। परिवार में पत्नी प्रेमवती, दो बेटे रिंकू व पिंटू और एक 16 वर्षीय बेटी थी। परिजनों ने बताया कि संजय ने निजी फाइनेंस कंपनी और गांव के ही कुछ लोगों से करीब सात लाख रुपये का कर्ज लिया था। सूदखोर और फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी हर दिन घर पहुंचकर परिवार को किस्त चुकाने के लिए परेशान कर रहे थे।

## 240 एयरो इंजन की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने देश की रक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय वायुसेना के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के लिए 26,000 करोड़ रुपये की लागत से 240 एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार इसके तहत वायुसेना के सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे (भारतीय) श्रेणी के तहत 240 एयरो-इंजन (एएल-31 एफपी) खरीद की जाएगी।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- कि आप किसी का घर कैसे गिरा सकते हैं?

**नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई ने मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, 'सिर्फ इसलिए घर कैसे गिराया जा सकता है कि वह आरोपी है? अगर वह दोषी है तो भी घर नहीं गिराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को बताने के बाद भी...हमें रवैये में कोई बदलाव नहीं दिख रहा।' याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ में शामिल जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि 'किसी को भी कमियों का फायदा नहीं उठाना चाहिए। पिता का बेटा अड़ियल या आज्ञा न मानने वाला हो सकता है, लेकिन अगर इस आधार पर घर गिराया जाता है, तो यह तरीका नहीं है।' सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कानून का उल्लंघन होने पर घरों को गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम तभी कार्रवाई करते हैं जब कानून का उल्लंघन होता है।' इसके जवाब में पीठ ने कहा, 'लेकिन शिकायतों को देखते हुए, हमें लगता है कि उल्लंघन हुआ है।' न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने पूरे राज्य में अनधिकृत इमारतों को ध्वस्त करने के लिए एक दिशानिर्देश की आवश्यकता पर भी गौर किया। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'सुझाव आने दीजिए। हम अखिल भारतीय स्तर पर दिशानिर्देश जारी करेंगे'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। हम पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करने पर विचार कर रहे हैं। मामले की सुनवाई 17 सितंबर को तय की गई। दरअसल, बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई थी। इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की।